RNI:
UPHIN/2015/60902

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.theachivertimes.com

डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन
पी.439/2015-2017

द अचीवर टाइम्स

वर्ष : 9 अंक : 183
पृष्ठ : 8 मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, सोमवार, 23 अक्टूबर, 2023

डेरिल मिचेल की 130 रनों पर भारी पड़ी 95 रनों की विराट पारी

शमी ने चटकाए 5 विकेट

एजेंसी

धर्मशाला। वनडे विश्व कप 2023 के 21वें मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा दिया। इस विश्व कप में यह भारत की लगातार पांचवीं जीत है। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। अब भारत के पास 10 अंक हैं। इस मैच में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में सभी 10 विकेट खोकर 273 रन बनाए थे। इसके जवाब में भारत ने 48 ओवर में छह विकेट खोकर 274 रन बना लिए और छह विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। न्यूजीलैंड के लिए डेरिल मिचेल ने न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा 130 रन डेरिल मिचेल ने बनाए। रचिन रवींद्र ने 75 और ग्लेन फिलिप्स ने 23 रन का योगदान दिया। इन तीनों के अलावा सिर्फ विल यंग (17 रन) ही दहाई का आंकड़ा छू सके। भारत के लिए मोहम्मद शमी ने पांच और कुलदीप यादव ने दो विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को एक-एक विकेट मिला। भारत के लिए विराट कोहली ने 95 रन की पारी खेली। रोहित शर्मा ने 46 और रवींद्र जडेजा ने नाबाद 39 रन बनाए। श्रेयस ने 33, राहुल ने 27 और गिल ने 26 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्यूसन ने दो विकेट लिए। वहीं, बोल्ट-हेनरी और सैंटनर को एक-एक विकेट मिला।

खराब शुरुआत से उबरा न्यूजीलैंड

धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी कीवी टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। डेवोन कॉन्वे खाता खोले बिना ही सिराज का शिकार बने। विल यंग भी 17 रन बनाकर शमी की गेंद पर बोल्ड हो गए। 19 रन पर दो विकेट गिरने के बाद रचिन रवींद्र और डेरिल मिचेल ने न्यूजीलैंड की पारी को संभाला। पावरप्ले खत्म होने के बाद कीवी टीम का स्कोर 34/2 था। 13 ओवर में न्यूजीलैंड का स्कोर 50 के पार और 21 ओवर में 100 के पार पहुंचा। रवींद्र ने 56 गेंद और मिचेल ने 60 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। ये दोनों मिलकर न्यूजीलैंड का स्कोर 150 रन के पार ले गए। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 159 रन की साझेदारी हुई। 178 रन पर न्यूजीलैंड का तीसरा विकेट गिरा। रवींद्र 75 रन बनाकर शमी का दूसरा शिकार बने।

मिचेल की शतकीय पारी

मिचेल ने लाथम के साथ मिलकर न्यूजीलैंड का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। हालांकि, लाथम पांच रन बनाकर कुलदीप की गेंद पर आउट हो गए, लेकिन मिचले जमे रहे। उन्होंने 100 गेंद में अपना शतक पूरा किया। दूसरे छोर पर विकेट गिरते रहे। कुलदीप ने फिलिप्स को 23 रन के निजी स्कोर पर पवेलियन भेजा। चैपमैन भी आठ रन बनाकर बुमराह का शिकार बने। शमी ने न्यूजीलैंड की पारी के 48वें ओवर में सैंटनर और मैट हेनरी को बोल्ड किया। पारी के आखिरी ओवर में उन्होंने मिचेल को 130 रन के स्कोर पर आउट कर मैच में पांचवां विकेट हासिल किया। अंत में कीवी टीम 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 273 रन बना पाई। भारत के लिए शमी के पांच विकेट के अलावा कुलदीप ने दो और बुमराह-सिराज ने एक-एक विकेट लिया।

भारत की अच्छी शुरुआत

274 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शानदार शुरुआत की। रोहित और गिल ने मिलकर आठवें ओवर में ही टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचा दिया। भारत ने पावरप्ले में बिना कोई विकेट खोए 63 रन बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 71 रन जोड़े। रोहित शर्मा 46 के निजी स्कोर पर फर्ग्यूसन का पहला शिकार बने। इसके बाद गिल भी 26 रन बनाकर फर्ग्यूसन का शिकार बन गए। कोहली और श्रेयस ने भारत का स्कोर 100 रन के पार

कोहली का लालच पड़ा भारी

191 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद टीम इंडिया मुश्किल में दिख रही थी। ऐसे में कोहली और जडेजा ने पारी संभाली। दोनों ने भारत का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। अर्धशतकीय साझेदारी कर यह जोड़ी भारत का स्कोर 250 रन के पार ले गई और टीम इंडिया जीत की दहलीज पर पहुंच गई। हालांकि, विराट कोहली ने छक्के के साथ अपना शतक पूरा करने और मैच खत्म करने की कोशिश की, लेकिन यही लालच उन्हें ले डूबा। कोहली कैच आउट हुए और फैंस की धड़कने थम गईं। हालांकि, जडेजा ने चौके के साथ मैच खत्म किया और भारत को इस विश्व कप में लगातार पांचवीं जीत दिलाई।

शमी का धमाल

मोहम्मद शमी को इस विश्व कप में पहली बार खेलने का मौका मिला था और उन्होंने शानदार गेंदबाजी की। अपनी पहली ही गेंद पर उन्होंने विल यंग को पवेलियन भेजा। इसके बाद क्रीज पर जम चुके रचिन रवींद्र को आउट कर 159 रन की साझेदारी तोड़ी। अंत में उन्होंने तीन विकेट लेकर न्यूजीलैंड को बड़ा स्कोर बनाने से रोका। उन्होंने अपने 10 ओवरों में 54 रन देकर पांच विकेट झटके। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।

मिचेल-रवींद्र की रिकॉर्ड साझेदारी

डेरिल मिचेल और रचिन रवींद्र ने इस मैच में शानदार बल्लेबाजी की। जब ये दोनों क्रीज पर आए थे तब न्यूजीलैंड का स्कोर 19/2 था। इसके बाद से दोनों ने संभलकर बल्लेबाजी की और तीसरे विकेट के लिए 159 रन जोड़े। पहले इन दोनों ने क्रीज पर नजरें जमाई। इसके बाद स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ बड़े शॉट खेले और तेज गति से रन बनाए। इन दोनों ने कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। विश्व कप के इतिहास में यह दूसरा मौका था, जब न्यूजीलैंड के लिए किसी जोड़ी ने शतकीय साझेदारी की।

कांग्रेस ने चुनाव के लिए समन्वय समिति का गठन किया

मोहन प्रकाश बनाए गए अध्यक्ष

एजेंसी

जयपुर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के लिए समन्वय समिति के गठन कर दिया। मोहन प्रकाश को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कांग्रेस ने रविवार को राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए समन्वय समिति का गठन कर दिया। वरिष्ठ नेता मोहन प्रकाश को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। लक्ष्मण सिंह रावत और नीरज डांगी को संयोजक बनाया गया, जबकि रामसिंह कस्वां को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के लिए समन्वय समिति के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

कांग्रेस ने 76 सीटों पर उतारे प्रत्याशी

कांग्रेस ने रविवार को प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की। इसमें 43 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया गया है। इससे पहले शनिवार को पार्टी की ओर 41 प्रत्याशियों का ऐलान किया गया था। सीएम अशोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और राजस्थान विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी समेत कांग्रेस 15 मंत्रियों को टिकट दे चुकी है। कांग्रेस ने अब तक 200 में से 76 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया है।

कांग्रेस की दूसरी सूची में धारीवाल-जोशी का नाम नहीं

अब तक छह मुस्लिमों को दिया टिकट

एजेंसी

नई दिल्ली। राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। रविवार शाम को जारी हुई इस सूची में 15 मंत्री समेत 43 उम्मीदवारों के नाम है। कांग्रेस ने पूर्व मुख्य सचिव निरंजन आर्य को सोजत सीट से मैदान में उतारा है, जबकि 33 विधायक के टिकट काटे गए है और तीन नए विधायकों को मौका दिया गया है। इनमें पांच निर्दलीय शामिल है। पार्टी ने अब तक दो सूची में 20 मंत्रियों को टिकट दिया है, लेकिन गहलोत के खास मंत्री शांति धारीवाल और महेश जोशी को अब तक टिकट नहीं मिला है।

इन मंत्रियों को दिया गया टिकट

पार्टी की दूसरी लिस्ट में गहलोत सरकार में मौजूदा मंत्री जिन्हें टिकट दिया गया है, इनमें गोविंद राम मेघवाल, डॉ. बीडी कल्ला, (सीएम के ओएसडी), प्रताप सिंह खाचरियावास, विश्वेंद्र सिंह, प्रसादी लाल मीना, उदय लाल, प्रमोद जैन भाया, शकुंतला रावत, रामलाल जाट

और सुखराम विश्नोई हैं। वहीं, दूदू विधानसभा सीट से बाबू लाल नागर को टिकट मिला है। नागर को गहलोत का करीबी और वफादार माना जाता है। उन्होंने पिछला चुनाव निर्दलीय लड़ा था। साथ ही अशोक गहलोत के नेतृत्व में राजस्थान सरकार बनाने में मदद की थी। इसके अलावा डीग से विश्वेंद्र सिंह, केकरी से रघु शर्मा को टिकट दिया गया है। सीएम गहलोत के करीबी माने जाने वाले प्रमोद जैन भाया को अंता विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस की दूसरी लिस्ट में दो नए चेहरे को मौका मिला है। बाकी जिन उम्मीदवारों को टिकट मिला है, वो वर्तमान में विधायक है या फिर बागी या हारे हुए उम्मीदवार है। सोजत सीट से पूर्व मुख्य सचिव निरंजन आर्य और नोखा से रामेश्वर डूडी की पत्नी सुशीला डूडी चेहरा है। पार्टी ने मौजूदा विधायक सफिया का टिकट काटकर उनके पति और कांग्रेस नेता जुबैर खान को मैदान में उतारा है। वे पहले भी इस सीट से विधायक रह चुके है।

बागी होकर निर्दलीय जीतने वाले लोगों को भी टिकट दिया

कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय जीतने वाले लोगों को भी टिकट दिया है। सिरोही सीट से सयम लोढ़ा, दूदू सीट से बाबूलाल नागर, बस्सी से लक्ष्मण मीणा, महुआ से ओमप्रकाश हुड़ला, मारवार जंक्शन से खुशवीर सिंह को टिकट दिया गया है।

76 उम्मीदवारों की सूची में 6 मुस्लिम चेहरे

कांग्रेस ने अब तक जारी की 76 उम्मीदवारों की सूची में 6 मुस्लिम चेहरे को मौका दिया है। सवाई माधोपुर से दानिश अबरार, फतेहपुर से हाकम अली, किशनपोल से अमीन कागजी, आदर्श नगर से रफ़ीक खान, पुष्कर से नसीम अख्तर इंसाफ और रामगढ़ से जुबेर खान है।

200 में से अब तक 76 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान

कांग्रेस ने अपनी पहली सूची में 33 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की थी। इसमें सीएम अशोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और राजस्थान विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी का नाम शामिल था। कांग्रेस ने 200 में से अब तक 76 सीटों पर अपने उम्मीदवारों का एलान कर दिया है।

कांग्रेस की दूसरी लिस्ट सचिन पायलट गुट के लिए झटका

इन समर्थकों ने पहली में बनाई थी जगह

एजेंसी

जयपुर। राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए जारी कांग्रेस की दूसरी सूची पर सीएम अशोक गहलोत की छाप पूरी तरह नजर आई। सूची में ज्यादातर नाम वही है जो गहलोत के समर्थक माने जाते हैं। सचिन पायलट कैंप के लिए यह सूची निराशाजनक कही जा सकती है। क्योंकि, जिन निर्दलीय विधायकों का पायलट कैंप लगातार विरोध करता रहा उनमें से 5 विधायकों को इस सूची में टिकट दिए गए हैं। पायलट यह कहते हुए विरोध करते रहे कि ये निर्दलीय विधायकों कांग्रेस के प्रत्याशी को हराकर विधानसभा पहुंचे हैं। 2018 के चुनाव में सिरोही से जीवन राम, दूदू से रितेश बैरवा, बस्सी से दौलत सिंह मीणा, महुआ से अजय कुमार, मारवाड़ जंक्शन से जस्सा राम राठौर को कांग्रेस ने टिकट दिया था। वहीं, अब कांग्रेस की दूसरी सूची में सिरोही से संयम लोढ़ा, दूदू से बाबूलाल नागर, बस्सी से लक्ष्मण मीणा और महुआ से ओम प्रकाश हुडला, मारवाड़ खुशबीर सिंह टिकट दिया गया है।

पहली सूची में तीन समर्थकों को मिला था टिकट

कांग्रेस की पहली सूची में पायलट गुट के तीन नेताओं को जगह मिली थी। इनमें इंद्रराज सिंह गुर्जर को विराट नगर, राम निवास गावड़िया को परबतसर और मुकेश भाकर को लाडनूं विधासभा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। सचिन पायलट खुद टोंक विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे।

15 मंत्रियों को भी दिया टिकट

गोविंद राम मेघवाल, डॉ बीडी कल्ला, प्रताप सिंह खाचरियावास, विश्वेंद्र सिंह, प्रसादी लाल मीना, उदय लाल, प्रमोद जैन भाया, शकुंतला रावत, रामलाल जाट, सुखराम विश्नोई, बृजेंद्र ओला, राजेंद्र यादव, विश्वेंद सिंह, मुरारी लाल मीणा मंत्री और भजन लाल जाटव को उम्मीदवार बनाया गया है।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस की अंतिम सूची जारी, सात उम्मीदवारों को मिला टिकट

एजेंसी

छत्तीसगढ़। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस ने अपनी तीसरी सूची रविवार को जारी कर दी। इस सूची में सात नामों की घोषणा की गई है। कुल चार विधायकों का टिकट कटा है। इससे पहले दूसरी सूची में कांग्रेस ने 53 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया था और पहली सूची में 30 नामों की घोषणा की गई थी। तीसरी लिस्ट से कांग्रेस 83 उम्मीदवारों को टिकट दे चुकी है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा की कुल 90 सीटें हैं।

इन उम्मीदवारों को मौका, चार का कटा टिकट

कसडोल से वर्तमान विधायक शकुंतला साहू का टिकट काटकर संदीप साहू को दिया गया है। रायपुर उत्तर से कुलदीप जुनेजा को दोबारा टिकट दिया गया है। पहली बार महासमुंद व सरायपाली सीट से महिलाओ को अवसर दिया है। महासमुंद से विधायक विनोद चंद्राकर का टिकट काटकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा रश्मि चंद्राकर व सरायपाली से मौजूदा विधायक किस्मतलाल नंद की जगह चातुरी

नंद को उम्मीदवार बनाया गया है। सिहावा विधायक डॉक्टर लक्ष्मी धुर्व का टिकट कटा है। उनकी जगह अंबिका मरकाम को टिकट दिया गया है।

दूसरी सूची में महंत रामसुंदर दास रायपुर दक्षिण से चुनाव लड़ेंगे। वहीं रायपुर पश्चिम से विकास उपाध्याय, रायपुर ग्रामीण से विधायक सत्यनारायण शर्मा के बेटे पंकज शर्मा को मौका दिया गया है। अभनपुर से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू, राजिम से अमितेष शुक्ला को दोबारा मौका दिया गया है। कुरूद से बीजेपी के अजय चंद्राकर के खिलाफ तारिणी चंद्राकर को उतारा गया है। भिलाई शहर से कांग्रेस के दिग्गज नेता मोतीलाल वोरा के बेटे अरुण वोरा को दोबारा मौका दिया गया है। इसी तरह बिलासपुर से शैलेष पांडेय, रामानुजगंज से डॉ. अजय तीर्की, सामरी से विजय पैकरा, रायगढ़ से बीजेपी के ओपी चौधरी के खिलाफ कांग्रेस के प्रकाश शक्राजीत नायक चुनावी मैदान में होंगे। कांग्रेस ने अपनी दूसरी लिस्ट में अधिकतर पुराने चेहरों को मौका दिया है।

कांग्रेस की पहली सूची

इसके पहले कांग्रेस ने 30 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। जिसमें सीएम भूपेश बघेल पाटन से, डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव अंबिकापुर से चुनाव लड़ने का एलान किया गया था। पहली सूची में पार्टी ने कोरबा से जय सिंह अग्रवाल, कवर्धा से मोहम्मद अकबर, खैरागढ़ से यशोदा वर्मा, कांकेर से शंकर ध्रुव, नारायणपुर सीट से चंदन कश्यप, दंतेवाड़ा से के छविंद्र महेंद्र कर्मा और बस्तर से लखेश्वर बघेल को उम्मीदवार बनाया।

अभी तक हमने 3 घोषणा कर दी हैं-

जातिगत जनगणना करेंगे
20 क्विंटल/एकड़ धान खरीदेंगे
17.5 लाख परिवार को हम आवास देंगे

कौन हैं डॉ. रश्मि चंद्राकर

डॉ. रश्मि चंद्राकर बीएचएमएस शिक्षित हैं। बकली राजिम उनका मायका है। बेमचा मायका है। पति व ससुर भी चिकित्सक है। पूर्व में बेमचा से जनपद सदस्य चुनकर महासमुंद जनपद अध्यक्ष बनीं। अभी कांग्रेस की जिलाध्यक्ष हैं। रश्मि (उम्र 43) व चातुरी (उम्र 42) पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ेंगीं।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस की दूसरी लिस्ट

दूसरी सूची में कांग्रेस ने 53 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया था। दुर्ग शहर से अरुण वोरा, अहिवारा से निर्मल कोसरे भिलाई नगर से देवेंद्र यादव और वैशाली नगर से मुकेश चंद्राकर को उम्मीदवार बनाया। इस सूची में बिलासपुर जिले के सभी छह विधानसभा प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई।

बिलासपुर - शैलेष पांडे, कोटा - अटल श्रीवास्तव, बेलतरा - विजय केशरवानी, बिल्हा - सियाराम कौशिक, मस्तूरी - दिलीप लहरिया, तखतपुर -रश्मि सिंह

छत्तीसगढ में कांग्रेस के 53 प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी।

इन उम्मीदवारों को छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने चुनावी मैदान में उतारा

1. बैकुंठपुर से अंबिका सिंह देव, 2. सरायपाल-एससी से चतुरी नन्द, 3. महासमुंद से डॉ. रश्मि चंद्रका, 4. कसडोल से संदीप साहू, 5. रायपुर सिटी नॉर्थ से कुलदीप जुनेजा, 6. सिहावा एसटी से सिंत अंबिका मार्कर्न, 7. धमतान से ओंकार साहू

आवास विकास भूखंड फर्जीवाड़े में रिटायर्ड आईएएस अफसर समेत चार पर केस

एजेंसी

लखनऊ। आवास विकास परिषद की इंदिरानगर आवासीय योजना के एक भूखंड आवंटन में हुए फर्जीवाड़ा पर सीबीसीआईडी ने रिटायर्ड आईएएस अफसर सत्येंद्र सिंह (तत्कालीन संयुक्त आवास आयुक्त) समेत चार के खिलाफ गाजीपुर थाने में केस दर्ज कराया है। 1991 में इस योजना में सविता गर्ग को भूखंड आवंटित हुआ था। पर, बाद में सविता की फाइल गायब कर उस भूखंड को एक कांस्ट्रक्शन कंपनी को आवंटित कर दिया गया था। एफआईआर के मुताबिक इंदिरानगर बी-13 निवासी सविता गर्ग को 23 सितंबर 1991 को परिषद की इंदिरानगर योजना में नीलामी के जरिये भूखंड आवंटित हुआ था। यह भूखंड जब कांस्ट्रक्शन कंपनी को आवंटित हो गया, तो सविता ने शिकायत की। तब नेहरू एन्क्लेव निवासी कृष्णकांत मिश्रा ने आरोप लगाया था कि सविता ने प्रीमियम कांस्ट्रक्शंस के प्रतिनिधि के तौर पर नीलामी में

भाग लिया। उधर, सविता ने आरोपों को खारिज कर दावा किया था कि वह एकल नीलामी में शामिल हुई थीं। आरोपों के संबंध में कोई पुख्ता दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जा सके थे। सविता ने 2020 में तत्कालीन गृह सचिव मणि प्रसाद मिश्रा से शिकायत की। गृह सचिव के आदेश पर प्रकरण की सीबीसीआईडी ने जांच की। जांच के आधार पर सीबीसीआईडी के इंस्पेक्टर आशीष कुमार ने केस दर्ज कराया है। इसमें सत्येंद्र के अलावा तत्कालीन संपत्ति प्रबंध अधिकारी कृपाशंकर मिश्रा, विजय कुमार मेहरोत्रा और तत्कालीन लेखाधिकारी सुरेश को भी आरोपी बनाया गया है।

दो आरोपियों की हो चुकी है मौत

विजय कुमार 30 जून 2014 को सेवानिवृत्त हो चुके हैं। सत्येंद्र सिंह भी 31 दिसंबर 2018 को शासन से सचिव पद से रिटायर हो चुके हैं । वहीं, आरोपी सुरेश की वर्ष 2017 और कृपाशंकर की वर्ष 2018 में मौत हो चुकी है। पुरानी जांच के आधार पर सविता को भी आरोपी बनाया गया है।

खूब किया खेल, सुबूत नष्ट करने का प्रयास

सविता की शिकायत के बाद जब जांच शुरू हुई तो पता चला था कि आवंटन संबंधी मूल पत्रावली गायब हो गई है। इंदिरानगर कार्यालय में जो भी अफसर 1999-2004 तक तैनात रहे, उन्होंने फाइल गायब होने का दावा किया। दूसरी तरफ सविता ने हाईकोर्ट के आदेश पर भूखंड की रजिस्ट्री कराई। हैरानी की बात है कि परिषद की तरफ से जब कंपनी को भूखंड आवंटित किया गया था, तो रिकवरी का नोटिस सविता को क्यों भेजा गया। इससे साफ है कि मामले में जमकर खेल किया गया।

केनरा बैंक में अंचल कार्यालय लखनऊ में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बुराई पर अच्छाई की जीत के पावन पर्व नवरात्रि और दशहरा के अवसर पर केनरा बैंक अंचल कार्यालय लखनऊ में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सभी शाखाओं, क्षेत्रीय कार्यालयों और अंचल कार्यालय को सजाया गया और मां देवी की पूजा अर्चना कर मां का आशिर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सभी कार्यपालकों और अधिकारियों ने गरबा नृत्य और डांडिया नृत्य में हिस्सा लिया। संजय पंजीयारा, नेहा यादव और सुष्मिता सिंह की एकल गाने की प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया। इस अवसर पर अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक आलोक कुमार अग्रवाल, उपमहाप्रबंधक संजय कुमार और सहायक महाप्रबंधक संजय कुमार त्रिवेदी, मनीष कुमार, अमित कुमार अस्थाना और वेदप्रकाश जी ने सभी कार्यक्रम में शामिल होकर बड़े उत्साह से भाग लिया और सभी बैंक कर्मचारियों को इस पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं।उक्त जानकारी केनरा बैंक अंचल कार्यालय में तुलन अनुभाग के वरिष्ठ प्रबंधक सर्व मित्र भट्ट ने दी।

पशुचिकित्सा अधिकारियों की संचालन सम्बन्धी समस्याओं को लेकर की गई बैठक

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

लखनऊ,काकोरी । भारत पशुधन ऐप के माध्यम से विभिन्न पशु सेवाओं को ऑनलाइन दर्ज करने के लिए भारत पशुधन ऐप एवं वेबसाइट (bharatpashudhan.ndlm.co.in) तैयार की गई है। जिसमें पशु सेवा कार्यों को ऑनलाइन दर्ज करने में फील्ड लेवल वर्कर/ कार्यकताओं / मैत्री / कृत्रिम गर्भाधान टेक्नीशियन / पशुधन प्रसार अधिकारियों / पशुचिकित्सा अधिकारियों की संचालन सम्बन्धी समस्याओं को दूर करने के लिए डॉ बृजेश कुमार सिंह पशुचिकित्सा अधिकारी काकोरी लखनऊ द्वारा काकोरी पशुचिकित्सालय पर आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में हो रही समस्याओं का समाधान किया गया। इस कार्यक्रम डॉ बृजेश कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि इससे पूर्व यह कार्य इनाफ पोर्टल पर किया जाता था उसमें कुछ कमियां थी उन कमियों को दूर करते हुए यह नया ऐप भारत पशुधन ऐप तैयार किया गया है और सुविधाओं को और अधिक बढ़ाया गया है। बैठक के अन्त में सभी पशुधन प्रसार अधिकारियों, पशु मित्रों, पैरावटों, मैत्री से पशुपालकों को निःशुल्क कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराकर पोर्टल पर शतप्रतिशत एन्ट्री करने का आह्वाहन किया। इस अवसर पर डॉ बृजेश कुमार सिंह पशुचिकित्सा अधिकारी काकोरी, पशुधन प्रसार अधिकारी प्रदीप श्रीवास्तव, पैरावेट अनिल कुमार राठौर, कैलाश चन्द्र, आनन्द कुमार, नरेश कुमार, रामसेवक, रंजीत कुमार, सत्येन्द्र कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

मिशन-शक्ति अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी नगर डॉ0 बीनू सिंह ने थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम असेनी में लगायी चौपाल

❖ विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।

द अचीवर टाइम्स अनुराग मेहरोत्रा

बाराबंकी। मिशनट्टशक्ति अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी नगर डॉ0 बीनू सिंह ने थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम असेनी में चौपाल लगाकर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं साइबर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर चलाये जा रहे विशेष अभियान ÷मिशन शक्ति÷ फेज 4 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर डॉ0 बीनू सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम असेनी में चौपाल लगाकर बालिकाओं व महिलाओं को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं/हेल्पलाइन नम्बरों व साइबर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया एवं किसी भी तरह का साइबर अपराध होने पर भारत सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी गई तथा cybercrime.gov.in पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। मौके पर प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रीमती मुन्नी देवी मय टीम मौजूद रहीं।

एक नज़र

फरधान पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए दो लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान किया गया ।

द अचीवर टाइम्स रमेश चंद्र

लखीमपुर खीरी । फरधान थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था में व्यवधान डालने वाले लोगों पर फरधान पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए दो लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान किया गया ।मिली जानकारी अनुसार शान्ति व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र में पुलिस सतर्कता के साथ शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर निगाह रखे हुए हैं थाना क्षेत्र के स्थानों पर शांति व्यवस्था भंग करने वाले अभियुक्त 1. वीरेंद्र कुमार पुत्र रामपाल 2. अजय कुमार पुत्र रामपाल निवासीगण ग्राम ढसरापुर थाना फरधान जिला खीरी को हिरासत में लेकर पाबंद किया गया है।

रिजर्व पुलिस लाइन में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन-

द अचीवर टाइम्स देवराज

रायबरेली। पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देशन में प्रतिसार निरीक्षक मैनेजर दुबे द्वारा आर्यावर्त आई हास्पिटल से समन्वय स्थापित कर रिजर्व पलिस लाइन रायबरेली में अधिकारी/कर्मचारियों की निःशुल्क नेत्र जाँच हेतु चिकित्सा शिविर का आयोजन कराया गया जिसके अन्तर्गत डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह (नेत्र सर्जन, आर्यावर्त आई हास्पिटल) द्वारा अधिकारी/कर्मचारियों की नेत्र जाँच की गयी तथा कार्यालयों में कम्प्यूटर पर कार्यरत कर्मचारियों को नियमित रूप से आँखों की सुरक्षा हेतु आवश्यक ध्यान रखने योग्य सुझाव बताये गये । इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन इन्द्रपाल सिंह व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर संजय त्यागी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मां बाराही देवी मंदिर पर हुई महाआरती

द अचीवर टाइम्स निखिल मिश्रा

लखनऊ। राजधानी के मलिहाबाद क्षेत्र में स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ मां बाराही देवी मंदिर में रविवार को शारदीय नवरात्रि की अष्टमी पर महाआरती का आयोजन किया गया। आपको बता दें कि हिंदू धर्म में जितना महत्व पूजा का है उतना ही महत्व आरती का भी बताया गया है। आरती, पूजा के बाद किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण काम है। ऐसी मान्यता है कि पूजा के बाद आरती न करने से पूजा का पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता।आरती को भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने का सबसे अच्छा तरीका माना जाता है। किसी भी पूजा का समापन हमेशा आरती से करने का मतलब यही है कि अब पूजन समाप्त हो गया है और हम भगवान से कुशलता की कामना करने वाले हैं। आरती करने से देवी-देवता प्रसन्न होते हैं और मनोकामना पूरी होती है। इतनी ही नहीं, आरती व्यक्ति के आत्म बल को बढ़ाने में भी मदद करती है।इसी क्रम में ग्राम पंचायत सस्पन के अटेर गांव में स्थित आस्था का केंद्र एवम् सिद्ध पीठ मां बाराही देवी मंदिर प्रांगण में शारदीय नवरात्रि की अष्टमी को मां के समक्ष महाआरती और चालीसा का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया।

काकोरी पुलिस नें एक वारंटी को किया गिरफतार

द अचीवर टाइम्स दीपक कुमार

काकोरी लखनऊ। राजधानी लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सहायक पुलिस आयुक्त काकोरी सर्किल अनूप कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तेजतर्रार प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के क्रम में आज एक नफर वारंटी जागेश्वर पुत्र स्वर्गीय लोकराम निवासी गौरैया खेड़ा मजरा करीमाबाद थाना काकोरी लखनऊ उम्र करीब 61 वर्ष गिरफ्तार कर न्यायिक अपेक्षा में भेजा गया।

मैक्सिला एकेडमी स्कूल के तत्वावधान में विजयदशमी का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया गया

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में अलीगंज स्थित मैक्सिला एकेडमी स्कूल के तत्वावधान में विजयदशमी का पर्व %विजयी भव~% की थीम पर मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के गेट अप धारण किये तथा नन्हे मुन्ने बच्चों ने रामायण से संबंधित विभिन्न किरदारों की प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। प्राइमरी के विद्यार्थियों ने भी अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का संचालन उप प्रधानाचार्या दिशा सिंह द्वारा किया गया। रावण दहन के समय अभिभावकों ने अपनी संस्कृति के प्रति विशेष आदर भाव प्रस्तुत किये। के.जी. की छात्रा उन्नति गुप्ता की प्रस्तुति विशेष रूप से सराहनीय रही। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक प्रफुल कुमार वर्मा, प्रधानाचार्य रचना श्रीवास्तव, समस्त स्टाफ एवं अभिभावकों ने अपनी सहभागिता दी।

मलिहाबाद के रहमान खेड़ा अनुसंधान ने हसनगंज ब्लाक के दस गांवो को लिया गोद

द अचीवर टाइमस महेन्द्र कुमार

हसनगंज उन्नाव। ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत बीबीपुर में पंचायत भवन में किसानो व ग्राम प्रधान के साथ बैठक हुई सम्पन्न जानकारी के अनुसार हसनगंज ब्लाक के गाँव बीबीपुर में पंचायत भवन में बैठक की गयी बैठक में किसानो को सूचित किया गया कि मलिहाबाद के रहमान खेड़ा अनुसंधान केंद्र ने हसनगंज ब्लाक के गाँव जैसे बीबीपुर चिरियारी ,अहमदपुर बादे, ऊंचाद्वार ,नसरतपुर जंगलेमऊ, फरहदपुर, सैरपुर ,भोगला ,मोहान , हसनगंज, हरौनी सम्सदीनपुर गांवो को गोद लिया गया और वरुन सिंह ने बताया की संस्था का उदेस्य यही है कि किसानो को सरल बागवानी कराने का जिसमें वरुण सिंह ने बताया की अगर किसानों को पानी की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है तो उसके लिए संस्था ने एक ऐलान किया है की इन दस गांवो में समिति के सहमति से टीयुबेल भी होंगे जिसमे सभी किसानों को पानी उनकी भूमि पर मिलेगा और जिला पंचायत सदस्य इंद्र मोहन सिंह ने बताया की मै अपनी डेढ़ बीघा भूमि दे रहा हुं जिसमे संस्था के द्वारा पेड़ लगाये जांयेगे जिसमें जैविक खाद का प्रयोग किया जायेगा और फलो की भरमार होगी तब जो कंपनीया इस संस्था से जुड़ी है जैसे कोका-कोला कम्पनी किसानों के बाग से फल उठायेगी और किसानो को अत्याधिक लाभ होगा इस विषय में जानकारी संवाददाता ने ली तो जिला पंचायत सदस्य इंद्रमोहन सिंह ने बताया की मैं यही चहता हूं की विगत कई वर्षों से क्षेत्र के किसान सही दवा व बागवानी नहीं कर पा रहें हैं मेरा उदेस्य यही है की बेहतर से बेहतर सुविधा किसानो को दे सकू जिससे क्षेत्र के किसान अपनी आय दो गुनी कर सके।

घर से शौच के लिए गई महिला की तालाब में डूबने से हुई मौत

निंदूरा, (बाराबंकी)। घर से शौच के लिए गई महिला की तालाब में डूबने से मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बड्डुपुर कोतवाली क्षेत्र के चक मौजमपुर मजरे मौजमपुर निवासी अशोक कुमार पुत्र स्वर्गीय भगौती प्रसाद ने बड्डुपुर थाने पर तहरीर देते हुए बताया है, कि उसकी पत्नी संतोष कुमारी बीती शाम करीब 6 बजे शौच के लिए गांव के बाहर स्थित तालाब पर गई थी, जहां पर पैर फिसलने से महिला तालाब के गहरे पानी में डूब गई। जिससे उसकी मौत हो गई। लोगों की मदद से महिला के शव को तालाब से बाहर निकल गया। पति अशोक कुमार ने पुलिस को सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। बड्डुपुर थाना प्रभारी ने बताया, कि महिला के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माता के जयकारों से गूंजा विद्यालय परिसर

द अचीवर टाइम्स देवराज

बछरावां रायबरेली। विकास क्षेत्र अंतर्गत स्थित श्री सरयू देवी विद्यालय पहनासा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्र के पावन पर्व पर? नवदुर्गा पूजा व कन्या पूजन तथा निशुल्क ड्रेस वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार सर्वप्रथम विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डा0 राम किशोर अवस्थी ने गणेश पूजा, सरस्वती पूजा तथा माता के नवरूपों की पूजा अर्चन वंदन व आरती की और माताजी से सभी के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्राओं द्वारा माता रानी के नौ रुपों में सज-धज कर तैयार हो कर मंचासीन होकर सभी रूपों की झलकियां प्रस्तुत की तो उपस्थित अभिवावकों व जन समूह की तालियों की करतल ध्वनि से पूरा विद्यालय परिसर गुंजायमान हो उठा। मंचासीन मातृ शक्तियों के सभी नवरूपों की विधिविधान से आरती पूजन प्रधानाचार्य विनय श्रीवास्तव के द्वारा की गयी। इसके बाद अंबे तू है जगदंबे काली की...ज. की धुन पर आरती में समस्त छात्र भाव विभोर होकर झूमते हुए दिखाई पड़े। आरती के उपरांत छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होने के उपरांत कन्या भोज तथा गरीब छात्र छात्राओं को निशुल्क ड्रेस का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति की सदस्य डा0 रश्मि अवस्थी, प्रधानाचार्य विनय श्रीवास्तव, शिक्षक सूर्यदेव यादव, दुर्गेश सिंह, सत्यम् ,देवेद्र ,नरेंद्र शशांक सिंह, श्रीमती कोमल, रश्मि, मीनू, अंशू, सुश्री सारिका , प्रतिमा, दीपांजली, शिवानी पाण्डे सहित विद्यालय के अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थित रहे। मंच का कुसल संचालन अपनी ओजस्वी भाषा में राघवेद्र दीक्षित द्वारा किया गया । इस अवसर पर भारी संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ ही ग्रामीण उपस्थित रहे ।

मां शिव शक्ति देवी पाटन मन्दिर पर मांगी गई मुराद होती है पूरी

द अचीवर टाइम्स देवराज

महराजगंज रायबरेली। क्षेत्र के घुराडीह पंचायत में मां शिव शक्ति पाटन देवी मंदिर पर नवरात्रि में भक्तों द्वारा पूजा अर्चना की जा रही है ।हर वर्ष नवरात्रि में माता रानी की भक्तों द्वारा यहां विशेष तौर पर पूजा अर्चना की जाती है मंदिर पर मानी गई मान्यताएं पूरी होती है वही इस विषय में गांव वासियों ने बताया कि कालांतर में इस स्थान पर कोई साधु विचरते हुए आ गए यहीं रहने लगे तब इस स्थान पर घना जंगल था ।लोगों की अधिक आवाजाही से तंग आकर साधु जी कहीं चले गए तब से बहुत दिनों तक यह स्थान निर्जन रहा बाद में मां की कृपा हुई और आज मन शिव शक्ति पाटन देवी मंदिर पर भक्तों का कल्याण कर घुराडीह का नाम उज्ज्वल कर रही हैं ।ग्राम प्रधान दिनेश सिंह ने बताया कि माता रानी से जो भी भक्त जो कुछ मांगता है माता रानी उसको कभी निराश नहीं करती और उसकी मुराद जरूर पूरा करती है।

इन्द्रपुरी कॉलोनी पी जी आई रायबरेलीरोड लखनऊ में हुआ भव्य माता रानी का जगराता

द अचीवर टाइम्स रघुनाथ सिंह

लखनऊ। राजधानी के पी जी आई क्षेत्र इन्दरपुरी कॉलोनी अटल पार्क में नवरात्रि की अष्टमी पर माता रानी के जगराता का आयोजन किया गया। मौलिक ग्रुप नई दिल्ली के नामचीन फ़नकारों द्वारा माँ भगवती के भजन एवं गणेश हनुमान राधा कृष्ण भोले बाबा के लीलाओं की भव्य प्रस्तुति की गई समिति के सदस्यों में दीपचंद राजेन्द्र यादव ने विधी विधान से पूजा अर्चना की आपको बता दें कि हिंदू धर्म में जितना महत्व पूजा का है उतना ही महत्व आरती का भी बताया गया है। आरती, पूजा के बाद किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण काम है। ऐसी मान्यता है कि पूजा के बाद आरती न करने से पूजा का पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता।आरती को भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने का सबसे अच्छा तरीका माना जाता है। किसी भी पूजा का समापन हमेशा आरती से करने का मतलब यही है कि अब पूजन समाप्त हो गया है और हम भगवान से कुशलता की कामना करने वाले हैं। आरती करने से देवी-देवता प्रसन्न होते हैं और मनोकामना पूरी होती है। इतनी ही नहीं, आरती व्यक्ति के आत्म बल को बढ़ाने में भी मदद करती है।इसी क्रम में शारदीय नवरात्रि की अष्टमी को माँ के जगराता में विशेष योगदान रहा रघुनाथ सिंह आर सी निराला एस पी राय अजय श्रीवास्तव बी पी पाठक जितेंद्र ओमप्रकाश संदीप यादव तथा इसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया।

मोटर साइकिल व साइकिल की आमने सामने हुई भीड़त में मोटर साइकिल चालक हुआ घायल

द अचीवर टाइम्स कुन्दन सिंह

मियाँगंज उन्नाव । आसीवन थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाइक व साइकिल सवार की आमने-सामने भिड़ंत में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों ने घायल को मियाँगंज सी एच सी में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। बसोखा मोहम्मदपुर निवासी हरि नारायण पुत्र तुंगनाथ उम्र 45 वर्ष अपने कार्य से मियाँगंज चौराहा गया था जहां से वापस घर लौट रहा था तभी मल्हौली सरदार नगर सहबसी संपर्क मार्ग पर गांव मल्हौली सरदार नगर के समीप अचानक साइकिल सवार बाइक के सामने आ गया जिसको बचाने में दोनों में भिड़ंत हो गई जिसमें बाइक सवार हरि नारायण गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है वहीं साइकिल सवार को मामूली चोट लगी है।

उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता

फतेहपुर बाराबंकी। शासन के निर्देशनुसार आज महीने के तीसरे शनिवार को उपजिलाधिकारी फतेहपुर पवन कुमार की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्णसमाधान दिवस का आयोजन, सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी गयीं जनता की समस्या, समाधान दिवस में कुल 127 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें राजस्व विभाग संबंधित 11 मामलों का व विकास विभाग की 1 समस्या का मौके पर निस्तारण करा दिया गया, इस तरह कुल 12 मामलों का निस्तारण मौके पर सम्बंधित अधिकारियों द्वारा करा दिया गया, प्रार्थना पत्रों में सबसे ज़्यादा 69 मामले राजस्व से सम्बंधित आये वहीं पुलिस विभाग से संबंधित 11 मामले आये,विकास विभाग से सम्बंधित 15 प्रार्थना पत्र आये, खाद्य एवं रसद विभाग से सम्बंधित 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, विद्युत विभाग से सम्बंधित 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, वहीँ नगर निकाय से सम्बंधित 4 प्रार्थना पत्र आये, वहीँ लोक निर्माण विभाग से 1 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ, चकबंदी विभाग से सम्बंधित 2 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, इसके अलावा स्वाथ्य विभाग से सम्बंधित मात्र 1 प्रार्थना पत्र आया, सम्पूर्ण समाधान दिवस में सी ओ फतेहपुर रघुबीर सिंह,तहसीलदार फतेहपुर नरसिंह नारायण वर्मा, के अलावा खण्ड विकास अधिकारी फतेहपुर, व खण्ड विकास अधिकारी निन्दुरा, नायब तहसीलदार कुर्सी, व सभी अन्य विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहें

डिप्थीरिया का संदिग्ध मरीज होने की सूचना पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

संवाददाता

महराजगंज तराई(बलरामपुर)। तुलसीपुर सीएचसी के अंतर्गत ग्राम मोहना पुर में एक मरीज डिप्थीरिया (गलाघोंटू) का संदिग्ध केस स्वास्थ्य विभाग को मिला है। मामले की जानकारी होते ही बच्चे के घर स्वास्थ्य टीम जा पहुंची और परीक्षण किया। वहीं संदिग्ध बच्चे को पहले ही मुंबई इलाज के लिए ले जा चुके थे ।मोहनापुर निवासी पांच वर्षीय सुफियान के परिजन बच्चे को गले में शिकायत होने पर जिला अस्पताल ले गए थे।जहां चिकित्सक को बच्चे में डिप्थीरिया के लक्षण मालूम पड़े। उन्होंने पुस्टि के लिए सैंपल मेडिकल कालेज लखनऊ भेज दिया है।इसकी सूचना पीएचसी महराजगंज को दी गयी इसके बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीज के घर के आस पास के घरो का सर्वे किया । लेकिन अन्य कोई बच्चा डिप्थीरिया से ग्रसित नहीं मिला था।डॉ बालमुकुंद मौर्य ने बताया की संक्रमण फैलने के कारण इस बीमारी का संक्रमण एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में खांसने और छींकने से फैलता है। इसके जीवाणु पीड़ित व्यक्ति के मुंह, नाक और गले में रहते हैं।यदि इसके इलाज में देरी हो जाये तो जीवाणु पूरे शरीर में फैल जाते हैं।बारिश के मौसम में इसके जीवाणु सबसे अधिक फैलते हैं।बच्चे के मामले में जानकारी मिली वैसे ही टीम भेज जांच कराई गई। उसके अतरिक्त कोई मरीज नहीं मिला।डॉ.बालमुकुंद मौर्य ने बताया कि डिप्थीरिया रोग संक्रमण से होता है। इसके बैक्टीरिया टांसिल और श्वांस नली को संक्रमित करते हैं। संक्रमण फैलने से एक ऐसी झिल्ली बन जाती है, जो सांस लेने में बाधक बनती है। इस बीमारी के होने पर गला सूखने लगता है, आवाज फटने लगती है, गले में जाल पड़ने के बाद सांस लेने में दिक्कत होती है।डिप्थीरिया से एंटीबायोटिक दवाओं व टीकों द्वारा बचा जा सकता है।टीकाकरण से डिप्थीरिया के मामलों और मृत्यु-दर में गिरावट आई है लेकिन यह अभी भी बच्चों में एक प्रचलित बीमारी है।डिप्थीरिया के टीके को डीटीएपी (ष्ठञ्जक्क) नाम से जाना जाता है और यह आमतौर पर काली खांसी और टेटनस के टीके के साथ दिया जाता है।स्वास्थ्य विभाग की टीम में डाक्टर मनीष सिंह मौजूद रहे।

सीएमओ ने किया स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण

- स्वास्थ्य मेले में पीएचसी हरिहरगंज में चिकित्सकों समेत 22 स्वास्थ्य कर्मी नदारद, वेतन रोका।
- मेले में नही बन रहा था आयुष्मान कार्ड।
- कम लाभार्थी आने पर सीएमओ ने जताई नाराजगी।

संवाददाता

बलरामपुर। रविवार को जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुरा में आयोजित आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने किया। मेले कम लाभार्थियों के आने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने नाराजगी व्यक्त किया, उन्होंने वहां उपस्थित चिकित्सको व अन्य कर्मियों को निर्देशित किया कि आयुष्मान भव मेले का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय जिससे इन मेलों का लाभ जनसमुदाय को प्राप्त हो। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुरा में आयोजित आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेले में आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाने की कोई व्यवस्था नहीं किया गया था। जनपद में आयोजित आयुष्मान भव मेले में कुल 6054 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान किया गया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुरा व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज बलरामपुर का भी निरीक्षण किया निरीक्षण में चिकित्सकों समेत कुल 22 स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित पाए गए। सभी अनुपस्थित कर्मियों के वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने मिशन शक्ति अभियान की भी समीक्षा किया। उन्होंने बताया कि नारी शक्ति की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति के चौथे चरण में महिलाओं को जागरूक करने एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मिशन शक्ति से संबंधित रैली, महिला समूहों की बैठक कर स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे जननी सुरक्षा योजना, नियमित टीकाकरण,प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, प्रधान मंत्री मातृत्व वंदन योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम आदि योजनाओं की जानकारी एएनएम सीएचओ व आशाओं द्वारा दिया जा रहा है। इन सभी कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा जनपद व ब्लाक स्तर पर किया जा रहा है। निरीक्षण के समय डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

एक नज़र

अवैध रूप से धड़ल्ले से काटे जा रहे सागौन की हरे पौधे



संवाददाता

महाराजगंज। तराई स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम उदईपुर बदलपुर के एक बाग में बिना परमिट के हरे सागौन धड़ल्ले से साथ लकड़कटे काट रहे हैं वन विभाग के अधिकारियों का जरा भी खौफ नहीं है। तराई क्षेत्र में हरे पेड़ों के कटान से धीरे-धीरे हरे पेड़ों का अस्तित्व खत्म होता जा रहा है। जिसके कारण लोगों को हरे पेड़ से मिलने वाले पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन की कमी होती जा रही है। बरहवा रेंज के रेंजर केपी सिंह ने बताया है कि हर सागौन के पेड़ काटने की सूचना मिली है फॉरेस्टर को भेज कर जांच कराई जा रही है।

थाना प्रभारी निरीक्षक रिंकी गुप्ता के हाथों सम्मानित होकर क्षेत्रीय महिलाओं के खिले चेहरे

संवाददाता

महाराजगंज तराई, बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री योगेश कुमार तथा क्षेत्राधिकारी राधा रमण सिंह के पर्यवेक्षण में थाना महाराजगंज तराई में मिशन-शक्ति अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी रिंकी गुप्ता और महिला आरक्षी ज्योति शुक्ला और सुमन लता सरोज ,महिला कॉन्स्टेबल आरती , ने ग्राम शिवचरनडीह में आंगनबाड़ी ,आशा बहू , एएनएम को सामाजिक कार्य के लिए सम्मानित किया।मिशन शक्ति अभियान के फेज 4 के क्रम मे महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन समाज में लैंगिक समानता, हिंसा की रोकथाम एवं पीड़िताओं को सामाजिक प्रतिष्ठा दिलाने व समाज में विशिष्ट योगदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं प्रेरणात्मक कार्य करने वाली महिलाओं व बालिकाओं को थाना महराजगंज तराई पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया।इस मौके पर सुधा श्रीवास्तव आंगनबाड़ी कार्यकत्री इंदिरा श्रीवास्तव आशा बहू अनीता श्रीवास्तव आशा बहू संध्या श्रीवास्तव एएनएमएम माधुरी श्रीवास्तव रीना वर्मा आशा महिलाकॉन्स्टेबल सोनी यादव रेखा यादव ज्योति शुक्ला मौजूद रही।

एस आर ग्लोबल में किया गया रावण दहन, बुराई पर अच्छाई की जीत का लिया गया संकल्प

लखनऊ। आज एस आर ग्लोबल स्कूल में 'बुराई पर अच्छाई की जीत' की प्रतीक के त्यौहार विजयादशमी पर्व का आयोजन किया गया जिस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में रावण का पुतला जलाया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने विजयादशमी के ही दिन अत्याचारी रावण का वध किया था तथा मां दुर्गा ने नौ रात्रि एवं दस दिन के युद्ध के उपरान्त महिषासुर नामक असुर पर विजय प्राप्त की थी। इसीलिये इस त्यौहार को ÷बुराई पर अच्छाई÷ तथा ÷असत्य पर सत्य की विजय÷ के रूप में मनाया जाता है। दशहरे का उत्सव शक्ति तथा शक्ति का समन्वय बताने वाला उत्सव है। भारतीय संस्कृति में दशहरा हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है जो अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है । संस्थान के संरक्षक व माननीय एमएलसी उत्तर प्रदेश सरकार श्री पवन सिंह चौहान जी ने अपने संबोधन में बच्चों को सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

दुर्गा शक्तिपीठ की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

सिद्धौर बाराबंकी। प्राचीन ऐतिहासिक बीबीपुर स्थित दुर्गा शक्तिपीठ सीमित की कार्यकारिणी का रविवार विस्तार किया गया 21 नए सदस्यों को सीमित से जोड़ा गया। जिन्हें हरिद्वार से पधारे स्वामी अनन्तानंद सरस्वती महाराज ने प्रमाण पत्र सौंपा। जिसमे संरक्षक मंडल के सदस्य राजकुमार शर्मा व प्रबंधक प्रतिनिधि मनोज कुमार सोनी को नामित हुए। कार्यकारिणी के सदस्यों में अशोक गुप्ता, नीरज वर्मा, पारसनाथ, उमेश यादव, हेमंत, विमल, सुनील, अनिल, जितेंद्र, महेंद्र, धनीराम व मथुरा प्रसाद को शामिल किया गया। मंदिर के प्रबंध समिति के प्रबंधक विजय कुमार सोनी व अध्यक्ष देवीशरण गुप्ता ने सभी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। नवमी व दशमी को मंदिर में देवी भक्तों के दर्शन व हवन पूजन को लेकर रूपरेखा तय की गई।

अज्ञात कारणों से लगी आग से गृहस्थी जलकर हुई राख

संवाददाता

महाराजगंज। पचपेड़वा बलरामपुर अज्ञात कारणों से लगे अग्नि काण्ड में गृहस्थी का फूस का घर व लाखों का सामान जलकर राख हुआ। शनिवार को दोपहर बिकास खण्ड पचपेड़वा के ग्राम पंचायत मोतीनगर में अज्ञात कारणों से एक गरीब विधवा ज्ञानमती जो कि समूह से लोन लेकर अपने छप्पर के घर मे छोटा होटल चला रही थी दोपहर चाय पका रही थी कि अचानक आग लग गई और देखते देखते गृहस्थी का समस्त सामान जलकर राख हो गया तथा होटल में रखा सामान व नकद रखा 9600 रु भी जल गया मौके पर सूचना पाकर हल्का लेखपाल बालकराम यादव मौके पर पहुँचे और छति का आकलन कर अपना रिपोर्ट एसडीएम को सौंपी प्रधान प्रतिनिधि व बीडीसी सदस्य नन्दकुमार पाण्डेय ने प्रशासन से अहेतुक सहायता व पीड़िता बेघर हो गई है ऐसे में तत्काल मुख्यमंत्री आवास देने की मांग जिला प्रशाशन से की है पीड़िता विधवा व असहाय है परिवार का जिओपार्जन का कोई साधन नही।

सर्वोदय आश्रम के सैटेलाइट उषा सिलाई स्कूल से महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी: महेंद्र वर्मा

संवाददाता

कार्यक्रम का शुभारंभ महेन्द्र नाथ वर्मा ने किया..

माल। सर्वोदय आश्रम ने लखनऊ जनपद के विकास खण्ड माल एवं मलिहाबाद के गांवों में उषा इन्टरनेशनल लिमिटेड के निर्देशन में 40 सैटेलाइट उषा सिलाई स्कूलों की शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित करने के बाद सैटेलाइट उषा सिलाई स्कूल खोला आज महात्मा गॉधी इन्टर कालेज के प्रतिनिधि एवं समाजसेवी महेन्द्र नाथ वर्मा ने सैटेलाइट उषा सिलाई स्कूल कलुआखेड़ा में उदघाटन समारोह का फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया महेन्द्र नाथ वर्मा ने आगे कहा कि सैटेलाइट उषा सिलाई स्कूल के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण होगा घर बैठकर महिलाओं को रोजगार मिलता है जिससे महिलाओं के परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होने से गांव का विकास होगा गांव का विकास होने से जनपद का विकास होगा जनपद का विकास होने प्रदेश का विकास होगा प्रदेश का विकास होने से राष्ट्र विकास की ओर अग्रसर होगा जिससे महिलाओं में एक नयी क्रांति आयेगी महिलाओं को घर बैठे सिलाई के कार्यक्रम से आर्थिक स्थिति परिवार की मजबूत होगी।

सर्वोदय आश्रम के पर्यवेक्षक देशराज गौतम ने विश्वकर्मा जयन्ती पर शुरू हुई विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी तथा योजना का लाभ उठाने का आवाहन किया अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद सैटेलाइट उषा सिलाई स्कूल कलुआ खेड़ा की शिक्षिका पिन्टू देवी ने किया।

घर से शौच के लिए गई महिला की तालाब में डूबने से हुई मौत

निंदूरा, (बाराबंकी)। घर से शौच के लिए गई महिला की तालाब में डूबने से मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बड्डूपुर कोतवाली क्षेत्र के चक मौजमपुर मजरे मौजमपुर निवासी अशोक कुमार पुत्र स्वर्गीय भगौती प्रसाद ने बड्डूपुर थाने पर तहरीर देते हुए बताया है, कि उसकी पत्नी संतोष कुमारी बीती शाम करीब 6 बजे शौच के लिए गांव के बाहर स्थित तालाब पर गई थी, जहां पर पैर फिसलने से महिला तालाब के गहरे पानी में डूब गई। जिससे उसकी मौत हो गई। लोगों की मदद से महिला के शव को तालाब से बाहर निकल गया। पति अशोक कुमार ने पुलिस को सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। बड्डूपुर थाना प्रभारी ने बताया, कि महिला के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

आमजन सहित महिलाओं की सुरक्षा हेतु यूपी पुलिस कटिबद्ध : क्षेत्राधिकारी डीके मौर्य

संवाददाता

अंबेडकरनगर। महिला सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जलालपुर कस्बा स्थित मुलायम सिंह यादव स्मारक महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर लोगों को प्रभावित किया। नाटक के माध्यम से नारी सशक्तिकरण के महत्व और उनके अधिकारों को से अवगत कराया गया। प्रबंधक फूलचंद यादव की अध्यक्षता तथा छात्रा मुस्कान गुप्ता के संचालन में संपन्न कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी जलालपुर देवेंद्र कुमार मौर्य शामिल थे। क्षेत्राधिकारी डीके मौर्य ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के साथ ही बालिकाओं को अलग अलग हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देने के साथ आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश पुलिस सदैव उन की सहायता हेतु तत्पर है। किसी समय भी मदद की दरकार होने पर हेल्पलाइन के माध्यम से सम्पर्क करें आपकी सेवा में पुलिस मौजूद मिलेगी। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश सिंह ने भी सड़कछाप मजनुओं एवं शोहदों को सबक सिखाने का भरोसा दिलाया। महाविद्यालय प्रबंधक फूलचंद यादव ने भी छात्राओं में आत्मविश्वास जगाने के संग अपने हक-हुकूक की लिए खड़े होने का आह्वान किया। छात्रा सोनाली यादव, छात्र शुभम यादव, प्रवक्ता नियाज तौहीद सिद्दीकी ने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अशिक्षा, दहेज प्रथा समेत विभिन्न सामाजिक कुरीतियों पर चोट करते हुए कार्यक्रम प्रस्तुत किया। एनसीसी की छात्राओं का ग्रुप डांस जहां सराहनीय रहा वही छात्रा अनन्या दुबे, सना कौसर, दिव्यांशी गुप्ता, हिना, प्रतिमा, प्रीती, अंतिमा यादव का प्रदर्शन खूब सराहा गया। उक्त अवसर पर प्रवक्ता हसीन बानो, हर्षिता गुप्ता, पूजा, अनुकृति यादव, सावित्री मौर्य, हसन असगर, मोहम्मद यासिर, देवेंद्रनाथ वर्मा, मुकेश गौड़, सुजीत, अजीत, अतर सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

राजधानी लखनऊ में स्थित राजकीय जुबली इंटर कॉलेज में एक भव्य ब्लैकआउट मॉकड्रिल आयोजित की जाएगी

संवाददाता

लखनऊ। सिविल डिफेंस की उपनियंत्रक श्रीमती अनिता प्रताप के अनुसार चीफ वार्डेन श्री अमरनाथ मिश्रा जी की देखरेख में 30 अक्टूबर को आयोजित होने वाली ब्लैकआउट मॉकड्रिल की तैयारी छतरमंजिल के उपरांत इन दिनों राजकीय जुबली इंटर कॉलेज में चल रही है, जिसमे नगर के विभिन्न प्रखंडो के 150 से अधिक वार्डेन प्रतिभाग कर रहे हैं। वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक श्री सुमित मौर्य की देखरेख में वार्डेनों को सहायक उपनियंत्रक श्री मनोज वर्मा, श्रीमती ममता रानी, रेखा पांडेय फर्स्टएड, सहायक उपनियंत्रक श्री विष्णु कुमार और श्री योगेश कुमार बचाव और सहायक उपनियंत्रक श्री ऋषि कुमार व श्री मुकेश कुमार के द्वारा फायर की ट्रेनिंग दी जा रही है। डिप्टी चीफ वार्डेन गुरप्रीत सिंह सेठी, स्टाफ अफसर चीफ वार्डेन ऋतु राज रस्तोगी, डिविजनल वार्डन सुनील कुमार शुक्ला, प्रवीण श्रीवास्तव, संजय जौहर, डिप्टी डिविजनल वार्डन हरीश चन्द, हेमंत कौशल, मुशीर अहमद, राजेन्द्र श्रीवास्तव, अजय गुप्ता, राकेश मिश्रा की उपस्थिति सेक्टर वार्डेन रामगोपाल सिंह, संतोष सिंह, जितेन्द्र कश्यप, प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, हरी सिंह, सर्वेश त्रिवेदी सहित सैंकड़ों वार्डेन प्रतिभाग कर रहे हैं।

लोकी के नए सीज़न के बारे में एक्ज़ीक्यूटिव प्रोड्यूसर केविन आर. राइट ने कहा कि सीज़न 2 में पात्र अपने द्वारा लाई गई उथल-पुथल को रोकने की कोशिश करते हैं, देखिए डिज़्नी+ हॉटस्टार पर

संवाददाता

लखनऊ। गॉड ऑफ़ मिसचीफ़ के साथ दर्शकों को यादगार सफ़र पर ले जाते हुए, डिज़्नी+ हॉटस्टार मार्वल स्टूडियोज़ लोकी का नया सीज़न लेकर आया है। पहले सीज़न की अपार सफलता के बाद, एक्ज़ीक्यूटिव प्रोड्यूसर, केविन आर. राइट ने फ़ैन्स के पसंदीदा लोकी को एक बार फिर से जीवित किया है, जिसका किरदार टॉम हिडलस्टन ने निभाया है। इस अत्यधिक प्रतीक्षित ओरिजनल लाइव-एक्शन सीरीज़ का निर्देशन, जस्टिन बेन्सन और आरोन मूरहेड, डैन ड्लियू और कासरा फराहानी द्वारा किया गया है। लोकी का दूसरा सीज़न केवल डिज़्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है, इसमें सीज़न 1 के चौंकानेवाले फिनाले के बाद की कहानी दिखाई जाएगी, जब लोकी टाइम वैरिएंस अथॉरिटी (टीवीए) की आत्मा के लिए संघर्ष में उलझ जाएगा। इस कल्ट शो में सोफिया डि मार्टिनो, ओवेन विल्सन अपनी पुरानी भूमिकाओं में फिर से आ रहे हैं। हर हफ़्ते नये एपिसोड के साथ मार्वल स्टूडियोज का लोकी सीजन 2 हिंदी, इंग्लिश, तमिल और तेलुगु में स्ट्रीम करें।

इन किरदारों के बारे में एक्ज़ीक्यूटिव प्रोड्यूसर, केविन आर. राइट ने बताया, ÷सीज़न 2 इन किरदारों के बारे में है जिन्हें दर्शक पहले से जानते और पसंद करते हैं। अब वो अपने द्वारा लाई गई उथल-पुथल को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, ÷दार्शनिक रूप से हमारे शो के लिए खोज करना सामान्य है। ये टाइम-लाइन, जिनसे हमारा कोई सरोकार नहीं है, क्या वो हमारे लिये मायने रखती हैं? लेकिन उनमें भी लोग रह रहे हैं, और अपना जीवन जी रहे हैं। जब हम मल्टीवर्स की लड़ाई को ख़त्म करने की बात करते हैं, तो क्या उसका मतलब इन टाइमलाइंस पर वर्चस्व बनाना है? क्योंकि इससे ऐसा महसूस होता है कि आप एक बार फिर लोगों का जीवन वैसे ही नष्ट कर रहे हैं, जैसा पहले टीवीए ने किया था। इसके एक्ज़ीक्यूटिव प्रोड्यूसर केविन आर. राइट के साथ केविन फ़ाईगे, स्टीफ़न ब्रूसार्ड, लुईस डे'एस्पोज़िटो, विक्टोरिया अलोंसो, ब्रैड विंडरबॉम, टॉम हिडलस्टन, जस्टिन बेन्सन और आरोन मूरहेड, एरिक मार्टिन एवं माइकल वल्ड्रॉन तथा ट्रेवर वॉटरसन इसके को-एक्ज़ीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं। इस सीरीज़ की कहानी एरिक मार्टिन ने लिखी है, और इसमें गुगु मबाथा-रॉ, वुन्मी मोसाकू, यूजीन कोर्डेरो, राफेल कैसल, तारा स्ट्रॉंग, केट डिकी, लिज़ कैर, नील एलिस के साथ जोनाथन मेजर्स और की हुई क्वान ने मुख्य भूमिकाएँ निभाई हैं। गॉड ऑफ़ मिसचीफ़, लोकी का सफ़र देखिए लोकी सीजन 2 में केवल डिज़्नी+ हॉटस्टार पर!

नई शरारतों के साथ ओबोचामा का ड्रामा वापस आया!

संवाददाता

लखनऊ। प्राथमिक विद्यालय का वह शरारती, लाड़ला और अमीर बच्चा कौन है जो मिठाइयों के प्रति अपने प्रेम और अपने प्रफुल्लित करने वाले कारनामों के लिए जाना जाता है? जी हाँ, वह है ओबोचामा। बच्चों का चहेता ओबोचामा-कुन नए एपिसोड्स के साथ फिर से वापस आ रहा है, और इस बार दर्शक यह शो देखकर एक बार फिर अपनी हँसी रोक नहीं पाएंगे। इसकी शुरुआत केवल सोनी ये! पर हो रही है। एक तरफ़ मिठाइयों से ओबोचामा कुन के प्यार की कोई सीमा नहीं, तो दूसरी तरफ़ उसके मज़ेदार और मनोरंजक दोस्त इस सीरीज़ को बहुत दिलचस्प बना रहे हैं। अपनी कछुओं की सेना और विचित्र दोस्तों के साथ चामा की अद्भुत कल्पना और असाधारण कारनामे देखकर आप चकित रह जाएंगे। तो हँसी-मज़ाक़ से भरपूर यह मीठा अनुभव लेने के लिए तैयार हो जाइए केवल सोनी ये! पर!

ओबोचामा-कुन के नए एडवेंचर्स के साथ साल का सबसे रोमांचक शो देखें, सोनी ये! पर, हर सोमवार-शुक्रवार दोपहर 3 बजे

सम्पादकीय

बीजिंग सम्मेलन से साफ हुए जिनपिंग के इरादे, पुतिन की उपस्थिति का भी है अर्थ

इस्राइल-फलस्तीन संकट के बीच जिनपिंग ने अपनी बेल्ट एंड रोड परियोजना के मुद्दे पर बीजिंग में बुलाए सम्मेलन में न केवल यूरोपीय संघ और पश्चिमी देशों पर हमला बोला, बल्कि बैठक में रूसी राष्ट्रपति पुतिन की उपस्थिति के भी निहितार्थ थे। दुनिया के 150 से ज्यादा देशों में 30 खरब अमेरिकी डॉलर के निवेश वाली बेल्ट एंड रोड परियोजना को महत्वहीन करने के, ताकि चीनी अर्थव्यवस्था पर दुनिया की निर्भरता कम हो, पश्चिमी देशों और यूरोपीय संघ के प्रयासों पर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जहां चेतावनी दी है, वहीं इस विशाल परियोजना की सफलता सुनिश्चित करने के लिए आगे की नीति तय करने की शुरुआत भी की है। जिनपिंग ने विगत 17-18 अक्तूबर को बीजिंग में हुए दो दिवसीय सम्मेलन में अपना इरादा स्पष्ट कर दिया, जिसमें यूक्रेन युद्ध के बाद पहली बार रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, श्रीलंकाई राष्ट्रपति विक्रमसिंघे, पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवार उल हक काकड़ और 140 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि, 30 अंतरराष्ट्रीय संगठनों सहित कई देशों के नेता, मंत्रिस्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ व्यवसाय व शिक्षा क्षेत्र एवं गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। भारत ने चीन की 60 अरब डॉलर वाली चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) का हवाला देते हुए, जो भारत की संप्रभुता का उल्लंघन करते हुए पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के रास्ते बनाया जा रहा है, बीआरआई का बहिष्कार किया। चीन अपनी महत्वाकांक्षी परियोजना बीआरआई को आगे बढ़ाने का कोई मौका नहीं चूकता, इसलिए चार जुलाई, 2023 को आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के नेताओं के शिखर सम्मेलन के अंत में जारी नई दिल्ली घोषणा के अंतिम मसौदे में एक पैराग्राफ जोड़ा गया था, जिसे भारत ने खारिज कर दिया था। वर्ष 2022 में समरकंद घोषणा के दौरान भी भारत जिनपिंग की पसंदीदा परियोजना बीआरआई का विरोध करने से पीछे नहीं हटा था। भारत जी-20 के मसौदे से बीआरआई पहल को बाहर रखने के प्रति सतर्क रहा और चतुराईपूर्ण कूटनीति से सर्वसम्मति हासिल की। भारत पाकिस्तान द्वारा बीआरआई के अंध-समर्थन के खिलाफ है, जो कश्मीर के लिए सुरक्षा खतरा पैदा कर सकता है, क्योंकि बीआरआई पाक कब्जे वाले कश्मीर से होकर गुजरता है, जो तकनीकी रूप से भारतीय क्षेत्र है और कश्मीर घाटी से सटा हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बीआरआई के %छिपे हुए कर्ज% और निम्न मध्यम आय वाले देशों को %ऋण जाल नीति% में फंसाने की चीनी नीति का डर दूर करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना प्रस्तुत की है। एड डाटा द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, एक तिहाई से अधिक परियोजनाओं को ऐसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ती नकारात्मक प्रतिक्रिया ने मलयेशिया और तंजानिया जैसे कुछ देशों को बीआरआई सौदे रद्द करने के लिए प्रेरित किया है। लेकिन पर्यवेक्षकों ने संभावित आर्थिक दबाव की भी चिंता जताई है, जहां विदेशी सरकारें बीजिंग के एजेंडे का पालन करने के लिए दबाव महसूस करती हैं या चीन द्वारा निवेश वापस लेने का जोखिम झेल रही हैं। एड डाटा के एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि चीनी सरकार के स्वामित्व वाली संस्थाओं द्वारा विदेशी सरकारों को दिए गए ऋण के अनुबंध में ऐसे प्रावधान हैं, जो %संभावित रूप से ऋणदाताओं को उधारकर्ता देशों की घरेलू और विदेशी नीतियों को प्रभावित करने की अनुमति देते हैं। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि घरेलू अर्थव्यवस्था में गिरावट और कोविड-19 के निरंतर प्रभाव सहित कई कारणों से कई देश ऋण चुकाने में विफल हो रहे हैं, जिसके चलते चीनी रणनीतिकारों के दृष्टिकोण में बदलाव दिख रहा है। चीन का प्रभाव तब तक और कम हो सकता है, जब तक कि आने वाले समय में विभिन्न राष्ट्रों को मिलने वाला विदेशी ऋण व सहायता अपने चरम स्तर पर न पहुंच जाए। चीन ने बीआरआई के तहत लापरवाही से विभिन्न देशों को ऋण बांटा। अमेरिका स्थित रोडियम ग्रुप के अनुसार, 2020 से 2022 के बीच चीनी ऋणदाताओं से जुड़े 76.8 अरब डॉलर के ऋण अनिवार्य रूप से गैर-निष्पादित संपत्ति बन गए, जो 2017 से 2019 के बीच की अवधि की तुलना में 4.5 गुना अधिक है। चीन ने मुद्रा विनिमय सहित बेल्ट ऐंड रोड से जुड़े देशों को अपनी वित्तीय सहायता बढ़ा दी है, पर उसके नए निवेश में गिरावट आई है। हालांकि चीन की आर्थिक मंदी ने भी इसमें भूमिका निभाई है, क्योंकि इसका विदेशी मुद्रा भंडार, जो नए निवेश का समर्थन करता है, अपेक्षाकृत 30 खरब डॉलर के करीब स्थिर बना हुआ है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि बीआरआई के जरिये चीन महाशक्ति देश के रूप में अमेरिका की जगह लेना चाहता है। रिपोर्टों के अनुसार, चीन ने दक्षिण एशियाई देशों को अपनी ऋण जाल नीति में फंसा लिया है, जिसने उनकी अर्थव्यवस्थाओं पर बोझ डाला है। भारत और भूटान को छोड़कर, कई राष्ट्र बीआरआई के माध्यम से चीन की ऋण नीति में फंस गए हैं और नेपाल को भी इसी दुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका आमतौर पर गरीब देशों को सौ प्रतिशत अनुदान के जरिये मदद करता है, लेकिन चीन की ऋण जाल नीति में फंसे देशों की अर्थव्यवस्थाएं नष्ट हो रही हैं और पाकिस्तान चीन का सबसे बड़ा शिकार है। जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) की कनेक्टिविटी योजना में अमेरिका, यूरोपीय संघ, इटली, जर्मनी, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात एवं फ्रांस को शामिल किया गया है, जिसका उद्देश्य पश्चिम एशिया, दक्षिण एशिया और यूरोप जैसे देशों के आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देना है। गलियारे के परिचालन का क्षेत्र बंदरगाह, रेल लाइनें, शिपिंग नेटवर्क और सड़कें होंगी। इसके भू-राजनीतिक निहितार्थ हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस पहल को मूर्त रूप देने में समय लग सकता है, लेकिन दूरगामी अर्थों में यह बीआरआई का मुकाबला कर सकता है। विश्लेषकों का मानना है कि चीन की सुनियोजित बीआरआई को कई देश लंबी अवधि में अपनी अर्थव्यवस्थाओं के लिए खतरा मान रहे हैं, जो उनके लिए आंखें खोलने वाला हो सकता है। इटली जी-7 का इकलौता देश है, जो बीआरआई में शामिल है, पर उसने इससे बाहर निकलने के संकेत दिए हैं। इसके बावजूद चीन अपनी रणनीति को लागू करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसका ध्यान अमेरिका और यूरोपीय देशों को घेरने पर है।

शायर

दिनों की गिनती मत करो
बल्कि कुछ ऐसा करो
कि आपके प्रदर्शन वाले दिनों की गिनती हो।

-तौकीर अंसारी

बच्चों को मैनेजमेंट सिखाने के लिए नवरात्र का नियम मानें

एन. रघुरामन

पिछले एक हफ्ते से, जब से नवरात्र शुरू हुई हैं, मेरी पत्नी आम दिनों की तुलना में तैयार होने में कम समय ले रही हैं। ऐसा इसलिए नहीं कि उन्हें हल्दी-कुमकुम के लिए कई घरों में जाना पड़ रहा है, बल्कि इसलिए कि इन दिनों उन्हें पता है कि क्या पहनना है और अलमारी के सामने मिनटों खड़े रहकर सोचने में वक्त बर्बाद नहीं हो रहा। जब उन्हें कई साड़ियों (मैं संख्या नहीं बताऊंगा, नहीं तो मुझे दुखी होना पड़ेगा) के बीच में से चुनना होता है कि क्या पहनें तो वह हमेशा समय लेती हैं। लेकिन जब नवरात्र में हर दिन के परिधान के रंगों की सूची उनके पास आ गई, तो उसमें से चुनना आसान हो गया। इस तरह निर्णय लेने में बर्बाद होने वाला वक्त बच गया। जब मैंने कहा कि 'स्टीव जॉब्स भी ऐसा मानते हैं', हालांकि उन्होंने मेरी बात सुनी लेकिन कमेंट करते हुए कि 'कुछ भी बोलते हो।' अगर आपने भी इस बदलाव पर गौर किया हो और सीमित विकल्पों के साथ समय बचने वाली बात को जोड़कर नहीं देख पा रहे, तो यहां स्टीव जॉब्स की कहानी है। एपल जैसी महान कंपनी के स्टीव जॉब्स सोनी के सह-संस्थापक अकियो मोरिता के जबरदस्त फैन थे। एपल कंप्यूटर्स की स्थापना के नौ साल बाद 1985 में जॉब्स और उनके दोस्त टोक्यो स्थित सोनी के मुख्यालय में जापानी लोगों के बिजनेस करने का तरीका समझने के लिए गए। कंपनी का दौरा करते हुए स्टीव कर्मचारियों की यूनिफॉर्म देखकर बहुत प्रभावित हुए। इसलिए उन्होंने यूनिफॉर्म के डिजाइनर इस्से मियाके से मुलाकात ही, वह उस दौर के बहुत प्रसिद्ध डिजाइनर थे। वह अपनी मिनिमलिस्ट (न्यूनतम) डिजाइन के लिए जाने जाते थे। 5 अगस्त 2022 को मियाके का निधन हुआ। वह उस ÷रिएलिटी लैब' का हिस्सा थे, जिसमें वैज्ञानिक, पैटर्न कटर, इंजीनियर, पारंपरिक कलाकार, स्थानीय फैक्ट्री कर्मचारी थे। स्टीव ने इस्से से एपल कर्मचारियों के लिए ड्रेस डिजाइन करने का अनुरोध किया। बाद में उन्होंने वह ऑफर मान लिया और परिणाम काले रंग की पूरी बांहों वाली टर्टलनेक टी-शर्ट और उसके नीचे जींस के रूप में सामने आया, जो कि स्टीव की सिग्नेचर स्टाइल बनी। प्रोडक्ट लॉन्च करते हुए वह हमेशा यही ड्रेस पहने रहते, यह ड्रेस उनकी छवि का पर्याय बन गई। स्टीव के लिए यह कोई फैशन स्टेटमेंट नहीं था, बल्कि सोचा-समझा चुनाव था ताकि रोज यह चुनने में समय खराब न हो कि क्या पहनें। हर रोज एक ही तरह की शर्ट पहनने की उनकी प्राथमिकता को एक मनोवैज्ञानिक सिद्धांत से जोड़ सकते हैं- ÷विकल्पों का विरोधाभास'। (पैराडॉक्स ऑफ चॉइसेस) यह सिद्धांत कहता है कि बहुत ज्यादा विकल्प होने से निर्णय लेने में थकान और असंतुष्टि हो सकती है। याद करें, जब पानी-पूरी वाले से पहली पानी-पूरी लेते हैं, तो संतुष्टि उच्चतम होती है और आने वाली हर पानी-पूरी के साथ कम होती जाती है, भले ही स्वाद पहले वाले जैसा हो। स्टीव का मानना था कि विकल्प सीमित करने से उनका जीवन सरल हो सकता है और एपल के बॉस व संस्थापक की भूमिका में ज्यादा जरूरी कामों पर ध्यान लगा सकते हैं। जब कोई अलमारी में बड़े करीने से रखी सैकड़ों साड़ियों के कलेक्शन को देखता है, तो अभिभूत होना स्वाभाविक है क्योंकि विकल्प बहुत ज्यादा हैं। और कभी-कभी जब वे किसी कार्यक्रम के लिए खास साड़ी पहनती हैं, वहीं अगर किसी को और बेहतर साड़ी के साथ देख लिया तो मन में वैमनस्यता आ जाती है। हम सबने यह महसूस किया है, है न? सोचिए जब मोबाइल पर ढेर सारी होटल्स के मेन्यू कार्ड आ जाते हैं तो उसमें से खाना चुनने में ज्यादा समय लगता है, जबकि एक ही रेस्तरां के मेन्यू में से जल्दी चुन लेते हैं।

फंडा यह है कि नवरात्र के दिनों में क्या पहनना है और क्या खाना है, यह तय करने से आपका समय बचने लगा है क्योंकि विकल्प कम हो गए हैं। अगर आप बच्चों को टाइम मैनेजमेंट सिखाना चाहते हैं, तो उन्हें सीमित विकल्प दें।

मप्र, छत्तीसगढ़ टिकटों के झंझट से लगभग मुक्त, राजस्थान में सूखा

चुनावों में टिकटों का बाज़ार गर्म है। छत्तीसगढ़ लगभग इस मान से पूरा हो चुका है। मध्यप्रदेश भी लगभग इसी क़तार में चल रहा है लेकिन राजस्थान में अब तक सूखा पड़ा हुआ है। शायद इसलिए कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की बजाय राजस्थान के चुनाव बाद में हैं। छत्तीसगढ़ में तो पहला चरण सात नवम्बर को ही है। दूसरा चरण मध्यप्रदेश के साथ 17 नवम्बर को। हालाँकि छठ के कारण सत्रह नवम्बर को मतदान की तारीख़ आगे बढ़ाने की माँग की जा रही है लेकिन लगता है इस दिशा में चुनाव आयोग कोई विचार नहीं कर रहा है। राजस्थान में मतदान की तारीख़ 23 नवम्बर से बढ़ाकर 25 नवम्बर कर दी गई है। उधर राजस्थान में सूची भले ही जारी नहीं हो सकी हो लेकिन कांग्रेस में ज़्यादातर नाम क्लियर होने की सूचनाओं ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और युवा नेता सचिन पायलट को बहुत हद तक एक कर दिया है। शुक्रवार को हुई सभाओं और रैलियों में गहलोत और पायलट के सुर काफ़ी मिले- जुले सुनाई दिए। हो सकता है पार्टी आलाकमान ने समझाया होगा कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा ये सबकुछ बाद में देख लिया जाएगा, पहले मिलकर चुनाव लड़ने और जीतने की ज़रूरत है। ये हो गया तो सब कुछ हो जाएगा। पिछले दो साल से जो बात दोनों नेता समझने को तैयार नहीं थे, शायद अब समझ गए होंगे। बयानों से तो ऐसा ही प्रतीत होता है। वैसे भी राजनीति में दोस्ती और दुश्मनी दोनों ही कभी स्थाई नहीं होती। गहलोत और पायलट दोनों ही यह बात अच्छी तरह जानते भी हैं और समझते भी हैं। राजस्थान में शुक्रवार को हुई सभाओं और रैलियों में गहलोत और पायलट के सुर काफ़ी मिले- जुले सुनाई दिए।राजस्थान में शुक्रवार को हुई सभाओं और रैलियों में गहलोत और पायलट के सुर काफ़ी मिले- जुले सुनाई दिए। मध्य प्रदेश में भाजपा से आए लोगों को कांग्रेस ने जी खोलकर टिकट दिए हैं। सफल कितने होंगे, यह परिणाम आने पर पता चल सकेगा। बहरहाल कांग्रेस ने पहले बाँटे कुछ टिकट बदले भी हैं। पहली सूची में एनपी प्रजापति का टिकट काट कर पार्टी ने चौंका दिया था लेकिन अब उन्हीं प्रजापति को टिकट दे दिया गाया है। छत्तीसगढ़ के चुनाव मैदान में अब तक कांग्रेस ज़रूर बेख़ौफ़ दिखाई दे रही है लेकिन मध्यप्रदेश और राजस्थान में मुक़ाबला काँटे का लग रहा है। इन दोनों ही राज्यों में अभी कोई यह कह सकने की स्थिति में नहीं है कि आख़िर जीतेगा कौन कारण सीधा सा है। कि मप्र और राजस्थान में भाजपा ने अपने स्थापित दोनों ही चेहरों को भावी मुख्यमंत्री के रूप में प्रचारित नहीं किया है। कांग्रेस में ज़रूर स्थिति साफ़ है लेकिन मैदान कितना साफ़ है, यह अभी से नहीं कहा जा सकता।

कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में बहुत भारी पड़ेगी अखिलेश यादव की नाराजगी

कांग्रेस को ध्यान रखना चाहिए कि वह यूपी में सपा के बिना 'शून्य' है। कांग्रेस की नेत्री प्रियंका वाड्रा के यूपी की फूलपुर या अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की चर्चा चल रही है, यहां कांग्रेस नेत्री के लिए तब तक जीत की राह आसान नहीं हो सकती है जब तक कि उसे सपा का साथ नहीं मिलेगा। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने 'इंडिया' गठबंधन की परतें उधेड़ कर रख दी हैं। जिस तरह से कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच मनमुटाव बढ़ता जा रहा था, उसको देखते हुए अखिलेश यादव का कांग्रेस और उसके नेताओं पर हमलावर होना स्वाभाविक है। यदि कांग्रेस आलाकमान गठबंधन की महत्ता को समझते हुए अपने नेताओं को इस बात के लिए रोकता कि वह सपा के खिलाफ गलत बयानबाजी नहीं करें तो इस तरह के हालात पैदा नहीं होते। पहले उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय समाजवादी पार्टी के खिलाफ उलटी-सीधी बयानबाजी कर रहे थे, अब मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष और उसके सीएम प्रत्याशी कलमनाथ का मीडिया से यह कहना कि छोड़िये 'अखिलेश-वखिलेश' काफी शर्मनाक है। अखिलेश यादव एक बड़ी पार्टी के अध्यक्ष हैं और उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। अखिलेश के बारे में अशोभनीय भाषा बोला जाना पूरे उत्तर प्रदेश का अपमान है। कांग्रेस और कमलनाथ जैसे नेताओं को यह बात समझनी चाहिए। वर्ना इंडिया गठबंधन में कांग्रेस और अन्य दलों के बीच की दूरियां बढ़ती ही जायेंगी। कांग्रेस को यह बात हमेशा ध्यान में रखनी होगी कि यदि वह मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी की हैसियत पर सवाल उठा सकते हैं तो कल उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की औकात भी लोग पूछेंगे। कांग्रेस का यहां एक मात्र सांसद और दो विधायक हैं। यूपी में कांग्रेस का गिरता वोट प्रतिशत भी किसी से छिपा नहीं है। कांग्रेस को इस बात का अध्ययन करना चाहिए कि वह यूपी में सपा के बिना 'शून्य' है। कांग्रेस की नेत्री प्रियंका वाड्रा के यूपी की फूलपुर या अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की चर्चा चल रही है, यहां कांग्रेस नेत्री के लिए तब तक जीत की राह आसान नहीं हो सकती है जब तक कि उसे सपा का साथ नहीं मिलेगा। खैर, मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में एक विधायक वाली समाजवादी पार्टी इस बार के मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव में इंडिया गठबंधन का हिस्सा होने के नाते करीब एक दर्जन सीटों पर गंभीरता के साथ अपनी दावेदारी पेश कर रही थी। वह उन सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती थी, जहां पिछले विधान सभा चुनाव में उसके प्रत्याशी को कांग्रेस उम्मीदवार से अधिक वोट मिले थे। लेकिन कांग्रेस ने अपने गठबंधन सहयोगी को ठेंगा दिखा दिया। गठबंधन के तहत एक भी सीट नहीं मिलने पर अखिलेश यादव का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया, जो स्वाभाविक भी था। समाजवादी पार्टी के साथ ही नहीं, कांग्रेस अपने गठबंधन के सभी सहयोगी दलों के साथ ऐसा ही व्यवहार कर रही है। वह गठबंधन सहयोगियों को कुछ देने की बजाय, उनकी पीठ पर सवार होकर अपना चुनावी रिकॉर्ड ठीक करने का सपना पाले हुए है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सही कहा कि अगर उन्हें पता होता कि विपक्ष का गठबंधन विधानसभा स्तर के चुनाव के लिए नहीं है तो उनकी पार्टी मध्य प्रदेश में गठबंधन के लिए बातचीत ही नहीं करती। उन्होंने कहा कि अगर सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए तालमेल की बात होगी तो उस पर ही विचार किया जाएगा। लेकिन यहां सवाल यह है कि अखिलेश इतने अपरिपक्व नेता कैसे हो सकते हैं कि उन्हें यही नहीं पता था कि इंडिया गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए बना है। (जैसा कि कांग्रेसी कह रहे हैं)। अखिलेश का कहना है कि अगर यह मुझे पहले दिन पता होता कि विधानसभा स्तर पर 'इंडिया' का कोई गठबंधन नहीं है तो हमारी पार्टी के लोग उस बैठक में नहीं जाते, न हम सूची देते और न ही कांग्रेस के लोगों का फोन उठाते। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि अगर उन्होंने (कांग्रेस वालों ने) यही बात कही है कि गठबंधन नहीं है तो हम स्वीकार करते हैं। जैसा व्यवहार समाजवादी पार्टी के साथ होगा, वैसा ही व्यवहार उन्हें यहां (उत्तर प्रदेश) पर देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर पर कोई गठबंधन नहीं है तो नहीं है। हमने इसे स्वीकार कर लिया, इसीलिए हमने पार्टी के टिकट घोषित कर दिए। इसमें हमने क्या गलत किया है? सपा अध्यक्ष यहीं नहीं रुके, उन्होंने किसी का नाम लिये बिना यहां तक कहा कि मैं कांग्रेस के बड़े नेताओं से अपील करूंगा कि अपने छोटे नेताओं से इस तरह के बयान न दिलवाएं। बहरहाल, समाजवादी पार्टी मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में अब तक कुल 31 सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े कर चुकी है। उसके यह प्रत्याशी यदि ठीकठाक प्रदर्शन करते हैं तो कांग्रेस को उन सीटों पर बड़ा नुकसान हो सकता है जो वह पिछली बार कम अंतर से जीती थी। वहीं उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से किसी एक पर भी कांग्रेस का खाता खुलना मुश्किल हो जायेगा। ऐसे में कांग्रेस स्वतः दिल्ली की सत्ता से दूर चली जायेगी क्योंकि उत्तर प्रदेश में आज की तारीख में मोदी और बीजेपी से मुकाबला करने की हैसियत समाजवादी पार्टी के अलावा किसी में नहीं है।

-अजय कुमार

स्थायी समाधान की दरकार, जरूरी है प्रदूषण की जड़ पर वार

दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण के खिलाफ जो अभियान शुरू किया है, उसको किसी न किसी रूप में महत्व मिलना ही चाहिए। एक माह तक चलने वाला यह एंटी डस्ट अभियान विभिन्न तरह के आयोजनों के माध्यम से दिल्ली के प्रदूषण पर नियंत्रण करने की एक कोशिश है। इस पहल में सरकार ने करीब 591 टीमों को लगाया है। नई खोजों और वैज्ञानिक तौर-तरीकों से प्रदूषण के खिलाफ मोर्चा खोलने की कोशिश की जा रही है। करीब 82 मैकेनिकल रोड स्वीपर होंगे, 530 वाटर स्प्रिंकलर होंगे, 258 एंटी स्मॉक गन होंगी और ऐसे ही कुछ अन्य प्रयोग किए जाएंगे, जिनकी मदद से दिल्ली के प्रदूषण पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि यह वर्ष का वह समय है, जब हमेशा दिल्ली पर प्रदूषण के बादल छाने लगते हैं। दिल्ली के भीतर प्रदूषण के खिलाफ शुरू हो रहे युद्ध में दिक्कत यह है कि इसके चारों ओर की परिस्थितियों पर दिल्ली का कोई नियंत्रण नहीं है। मिसाल के लिए, यदि पराली किन्हीं कारणों से दिल्ली, उत्तर प्रदेश या पंजाब में जलाई जाती है, तो उसका धुआं दिल्ली की आबोहवा में घुलेगा ही। फिर, बीच में दशहरा और दिवाली भी पड़ेगी। पिछले वर्ष भी तमाम कोशिशों और सुप्रीम कोर्ट के कहने के बावजूद लोगों ने दशहरे व दिवाली में धुआं तो उड़ाया ही था, जिससे दिल्ली की हवा और उसके चारों ओर के हालात गंभीर हो गए थे। ऐसे में, दिल्ली सरकार का ये प्रयोग अगर कुछ दम दिखा सके, तो इससे दिल्लीवासियों को कुछ राहत तो जरूर मिलेगी। इसके अलावा, यह वही समय है, जब ठंड बढ़ेगी तथा कोहरा भी आएगा और अगर कोहरे में जरा भी धुआं शामिल हुआ, तो इससे वायु प्रदूषण बढ़ेगा। कोहरा और धुएं में दरअसल फर्क होता है। प्राकृतिक ढंग से पैदा कोहरा सब जगह व्याप्त होता है। लेकिन मानवजनित धुआं कहीं पर ज्यादा, तो कहीं कम भी हो सकता है। जब कोहरा और धुआं मिलता है, तो फॉग बनता है, जो वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण है। हमें अब वायु प्रदूषण के प्रति इसलिए भी गंभीर होना पड़ेगा कि दुनिया भर के आंकड़े बताते हैं कि वायु प्रदूषण के कारण रोगियों की संख्या में बड़ा इजाफा हो गया है। दुनिया भर में 32.3 लाख मौत अकेले सीओपीडी यानी क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिसीज से हुई, जो फेफड़ों से जुड़ी एक बीमारी है। यूरोपियन रेस्पिरेट्री पत्रिका में छपी एक रिपोर्ट के अनुसार, वायु संकट जलवायु परिवर्तन के कारण भी बढ़ेगा और अगर ऐसा हुआ, तो इससे सीधे हमारे फेफड़ों और श्वसन तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। शोध के अनुसार, इसका बड़ा जोखिम पहले ही किसी न किसी रूप में श्वसन तंत्र की बीमारियों से गुजर रहे लोगों, बच्चों और वृद्धों को है। दिल्ली और उसके चारों तरफ पहले ही लंबे समय से जिस तरह से वायु प्रदूषण रहा है, अस्थमा के मरीजों की संख्या काफी बढ़ी है। 2019 में अकेले 4.55 लाख मौतें अस्थमा के कारण हुई। दिल्ली में प्रदूषण के सबसे बड़े कारणों में सड़कों पर गाड़ियों की बढ़ती संख्या और विकास कार्य भी हैं। इसके अलावा, वनाग्नि, लू और सूखे की वजह से भी वायु प्रदूषण बढ़ता है। विश्व मौसम संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार, कार्बन डाइऑक्साइड और ओजोन परत का दुश्मन मानी जाने वाली मिथेन गैस भी लगातार बढ़ रही है। इसका कारण यह भी है कि हमने अभी तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इनके नियंत्रण के लिए बहुत प्रतिबद्ध निर्णय नहीं लिए हैं। दिल्ली या दूसरे बड़े शहरों में हमारी जीवनशैली में गैजेट्स व अन्य आधुनिक उपकरण इतने बढ़ गए हैं कि यदि हम इनकी निर्भरता पर अंकुश नहीं लगाएंगे, तो वायु प्रदूषण का स्थायी हल भी नहीं खोज पाएंगे। फिर भी दिल्ली सरकार के इस प्रयोग को हम नकार नहीं सकते। स्वच्छ वायु की जरूरत दिल्ली को ही नहीं, बल्कि पूरे देश को है। लेकिन स्थायी हल तभी निकलेंगे, जब हम अपनी जीवनशैली को बेहतर बनाएंगे। लेकिन यह तभी संभव होगा जब इसमें राष्ट्रीय संकल्प जुड़ जाएं कि कितना मोटर-गाड़ी का इस्तेमाल होना चाहिए, हम ढांचागत विकास में कहां तक जाएं या प्रकृति पर अतिक्रमण की सीमा क्या होगी? जब तक हम इन विषयों की गंभीरता नहीं समझेंगे, तब तक प्रदूषण की समस्या के स्थायी समाधान से दूर ही रहेंगे।

पुलिस अधीक्षक ने किया हसनपुर कटौली चौकी का उद्घाटन

❖ वेदमंत्रों की उच्चारित ध्वनि व हवन कुंड में आहुतियों के साथ लिया परित्राणाय साधूनां का संकल्प।

ईसानगर-खीरी। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने थाना क्षेत्र के हसनपुर कटौली में प्रशासनिक चौकी भवन का फीता काट कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर धौरहरा सर्किल के सीओ कई थानो के थानेदार व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को 2 बजे हसनपुर कटौली में नवनिर्मित चौकी भवन का फीता काट कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर मौजूद विभिन्न स्कूलों की लड़कियों को मिशन शक्ति के बारे मे भी बताया। पुलिस अधीक्षक ने लोगों को बताया कि आज से पहले पुलिस पिकेट था आज से इस भवन को पुलिस चौकी बनाने की घोषणा की जाती है। चौकी बनने से क्षेत्रीय लोगों की समस्याओं का निस्तारण समय से हो जायेगा। उन्होंने बताया कि उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह को चौकी प्रभारी नियुक्त किया जा रहा है। संबोधन के बाद पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने थाने के चौकीदारों को शॉल व डंडा भेंट कर उत्साह बढ़ाया इसके अलावा सरपतहा पिकेट व सिसैया पिकेट का लोकार्पण किया। पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा ने थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी व उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह की सराहना कर भवन निर्माण की बधाई दी। उद्घाटन के अवसर पर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि पुलिस अधीक्षक सहित उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी से क्षेत्र के अपराधियों की गतिविधियो पर नजर रखते हुये जुर्म व जरायम के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने व अपराधों पर अंकुश लगाने में पुलिस को मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि शासन की मंशा के अनुरूप पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थानाध्यक्ष ईसानगर पंकज त्रिपाठी के मार्गदर्शन व उप निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के व्यक्तिगत प्रयासों से नव सृजित पुलिस चौकी हसनपुर कटौली थाना ईसानगर को मंजूरी प्राप्त करा कर तुरंत भवन तैयार करा कर आज उनका लोकार्पण कर दिया गया है जिससे क्षेत्र के दर्जनों गांव की जनता को अब अपनी शिकायत के लिए उनको दूरदराज थाना नहीं जाना पड़ेगा बल्कि उन लोगों को नवसृजित चौकी हसनपुर कटौली में उनको तुरन्त सहायता मिल जाएगी। लोकार्पण के अवसर पर क्षेत्राधिकारी धौरहरा पी पी सिंह, प्रभारी निरीक्षक खमरिया अजय राय, थानाध्यक्ष ईसानगर पंकज त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक धौरहरा दिनेश सिंह व समस्त पुलिसकर्मी व क्षेत्रीय संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

धूमधाम के साथ मनाया गया जनसंघ का स्थापना दिवस

❖ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी श्यामाप्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करने में लगे हुए है और देश फिर से विश्वगुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है - देवेन्द्र प्रमुख घिटौरा।

संवाददाता

बागपत, उत्तर प्रदेश। अखिल भारतीय जनसंघ का स्थापना दिवस जनपद बागपत में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता, अमीनगर सराय के मण्ड़ल प्रभारी एवं क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य देवेन्द्र प्रमुख घिटौरा ने बताया कि अखिल भारतीय जनसंघ की स्थापना 21 अक्टूबर वर्ष 1951 को डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी, प्रोफेसर बलराज मधोक व पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा दिल्ली में की गयी। इस पार्टी का उद्देश्य देश की अखंड़ता से कोई समझौता ना करने, बहुसंख्यक हिन्दुओं के हितों से जुड़े विषयों को प्राथमिकता देने, देश को वैभवशाली और समृद्धशाली बनाने, देश के गद्दारों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने व देश से भ्रष्टाचार को समाप्त करने से था। इस पार्टी का चुनाव चिन्ह दीपक था। वर्ष 1952 में हुए लोकसभा के चुनाव में इस पार्टी ने 3 सीटें हासिल की थी। वर्ष 1975-76 में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के आपातकाल के बाद जनसंघ सहित देश के प्रमुख राजनैतिक दलों ने मिलकर जनता पार्टी का गठन किया। देवेन्द्र प्रमुख ने बताया कि वर्ष 1980 में जनता पार्टी के टूटने पर भारतीय जनसंघ के एक गुट ने अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का गठन किया। भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य प्रोफेसर बलराज मधोक ने अखिल भारतीय जनसंघ को चुनाव आयोग से पंजीकृत कराकर भारतीय जनसंघ को बनाये रखा। प्रोफेसर बलराज मधोक वर्ष 2016 तक अखिल भारतीय जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर रहे। उनकी मृत्यु के उपरान्त डा आचार्य भारतभूषण पाण्ड़ेय को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। देवेन्द्र प्रमुख ने बताया कि अखिल भारतीय जनसंघ के स्थापना दिवस के बाद लोकसभा के चुनाव में इस पार्टी को वर्ष 1952 में 3 सीट, वर्ष 1957 में 4 सीट, वर्ष 1962 में 14 सीट, वर्ष 1967 में 35 सीट व वर्ष 1971 में 22 सीट हासिल की। वर्ष 1951 से वर्ष 1977 के बीच डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी, मौलि चन्द्र शर्मा, प्रेमनाथ डोगरा, आचार्य देवप्रसाद घोष, पीताम्बर दास, अवसरला राम राव, आचार्य देवप्रसाद घोष, रघुवीर, आचार्य देवप्रसाद घोष, बच्छराज व्यास, बलराज मधोक, दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी जनसंघ के अध्यक्ष रहे। देवेन्द्र प्रमुख ने बताया कि देश में वर्तमान में जो भारतीय जनता पार्टी देश को चला रही है उसका मूल श्यामाप्रसाद मुखर्जी द्वारा वर्ष 1951 में निर्मित भारतीय जनसंघ ही है। देवेन्द्र प्रमुख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भारतीय जनता पार्टी डा श्यामाप्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करने में लगे हुए है और देश फिर से विश्वगुरू बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

एक नज़र

एक दिन के थानेदार का सराहनीय कार्य

गुमशुदा बालक को परिजनों से मिलवाया

लखीमपुर खीरी। शनिवार को मनोनीत थाना प्रभारी सुश्री निमिषा सोनी गश्त भ्रमण पर निकली थी इस दौरान मैगलगंज कस्बा चौराहे पर एक वर्षीय बालक गुमशुदा दशा मे रोता हुआ मिला जिसे तत्काल महिला आरक्षियो की सुपुर्दगी मे दिया गया। तत्काल प्रचार प्रसार करके बच्चे के अभिभावक के बारे मे जानकारी एकत्र कर परिजनो की तलाश की गयी तथा उनके अभिभावक को गुमशुदा बच्चे को सकुशल सुपुर्द किया गया।

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर माता रानी की स्थापना एवं कीर्तन के साथ महिलाओं को किया जागरूक

लखीमपुर खीरी। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर माता रानी की स्थापना एवं कीर्तन पश्चात् महिलाओं को जागरूक किया गया।शारदीय नवरात्रि के अवसर पर नगर मंडल संयोंजिका मीनू गुप्ता जी के नेतृत्व में वार्ड संख्या 5 शिव कालोनी में माता रानी की स्थापना एवं नित्य भजन, कीर्तन के पश्चात उपस्थित महिलाओं को मातृशक्ति की महत्ता को बताते हुए महिलाओं को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विषय में विस्तार से जानकारी दी और केंद्र, प्रदेश सरकार द्वारा जन हित में चलाई गई योजनाओं जैसे कन्या सुमंगल योजना, विश्वकर्मा योजनाआदि अनेक योजनाओं के बारे में जानकारी दी सभी महिलाओं ने मोदी जी को धन्यवाद दिया और नारी शक्ति जिंदाबाद, मोदी,योगी, जिंदाबाद के नारे लगाए । इस कार्यक्रम में हमारी महामंत्री माला शास्त्री जी का पूर्ण सहयोग रहा और सभी सदस्यों की गरिमामई उपस्थिति रही ।

वीएचएनडी सत्र पर एक दिन के जन्मे बच्चे का टीकाकरण देख बच्चें के घर पहुंच गए सीएमओ, लिया हाल-चाल

सीएचसी निघासन का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण, एचडब्ल्यूसी और वीएचएनडी सत्र पर भी पहुंचे सीएमओ

लखीमपुर खीरी। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता द्वारा शनिवार को सीएचसी निघासन का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने दिमागी बुखार केंद्र व 20 बेड के नवनिर्मित वार्ड सहित लुधौरी के हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर व क्षेत्र में चलाए जा रहे वीएचएनडी सत्र, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान का भी जायजा लिया। साफ सफाई को लेकर नाराजगी जताई और सफाई व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि उनके द्वारा सीएचसी निघासन का शनिवार को औचक निरीक्षण किया गया। जहां पर उन्होंने दिमाग की बुखार केंद्र सहित इमरजेंसी व 20 बेड के नवनिर्मित वार्ड का निरीक्षण किया। प्रसव कक्ष देखा, इमरजेंसी सेवाओं का निरीक्षण किया। सभी जगह पर पर्याप्त सफाई व्यवस्था न होने को लेकर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। नवनिर्मित वार्ड को जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। जिससे क्षेत्र की जनता को इसका फायदा तत्काल मिलाने लगे। उन्होंने खैरहानी गांव में चल रहे वीएचएनडी सत्र का निरीक्षण किया। वहां तैनात एएनएम को सभी जांचें और संपूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करने के आदेश दिए। इस दौरान उन्होंने शनिवार को ही जन्मे बच्चे के टीकाकरण को देखा और उसके घर पहुंच कर बच्चे का हाल-चाल परिजनों से पूंछा। इस पर परिजनों ने काफी खुशी जाहिर की। इसी के साथ उन्होंने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर लुधौरी का निरीक्षण किया। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की प्रगति और घर-घर दस्तक अभियान की समीक्षा की। इस दौरान उनके साथ सीएचसी अधीक्षक डॉ पंकज और पाथ संस्था के अमरेश कुमार उपस्थित रहे।

ग्यारह महीने बाद भी नकली खाद एवं पेस्टिसाइड बनाने वालों के मुकदमों में नही लगी चार्ज शीट!

लखीमपुर-खीरी। बारह नवंबर 2022 को मैगलगंज में जिलाधिकारी के आदेश पर उप जिला अधिकारी मितौली एवं जिला कृषि अधिकारी ने अपनी टीम के साथ मैगलगंज में नकली खाद बनाने और बेचने का कारोबार करने वाले नरेंद्र गुप्ता उर्फ रजनीश और मनोज गुप्ता पुत्र बाबूराम गुप्ता के नकली खाद और पेस्टिसाइड बनाने वाले गोदामो पर छापा मार कर भारी मात्रा में नकली खाद और पेस्टिसाइड मौके पर बरामद की थी बरामद नकली खाद और पेस्टिसाइड की कीमत करोड़ों में थी साथ ही नकली खाद और पेस्टिसाइड बनाने वाला केमिकल मोरंग नमक खाली बोरी व अन्य सामग्री भी बरामद की थी लेकिन ग्यारह महीने बीतने के बाद भी अभी तक राजनीतिक दबाव और मनोज गुप्ता के रसूख के आगे चार्ज सीट नहीं लग पाई है मनोज गुप्ता हमेशा से सत्ता संरक्षित होकर नकली खाद एवं पेस्टिसाइड का कारोबार खुलेआम करता रहता है हर सरकार में पैसे की दम पर अपनी पहुंच बनाने में माहिर मनोज गुप्ता ने चंद सालों में ही करोड़ों की संपत्ति अर्जित कर ली है नकली खाद और पेस्टिसाइड का थोक का बड़ा कारोबारी होने के चलते सीतापुर हरदोई शाहजहांपुर उन्नाव व फर्रुखाबाद तक के फुटकर दुकानदार नकली खाद व पेस्टीसाइड लेकर जाते थे मनोज गुप्ता और नरेंद्र गुप्ता ने नकली खाद से कुछ ही सालों में करोड़ों रुपए की संपत्ति भी बना ली।

कैसे होता था नकली खाद और पेस्टिसाइड का कारोबार!

मैगलगंज निवासी मनोज गुप्ता और नरेंद्र गुप्ता बहुत ही शातिर किस्म से नकली खाद का कारोबार करता है मनोज गुप्ता मैगलगंज में रहकर गोदाम का काम जैसे नकली खाद बनाने वाले मजदूर की व्यवस्था करना ऑर्डर लेना और सप्लाई भेजना नकली खाद और पेस्टिसाइड के फार्मूले की जानकारी करके बिल्कुल उसी रंग रूप और तरीके से तैयार करना बाखूबी जानता है वही नरेंद्र गुप्ता उर्फ रजनीश का काम बाहर से खाली बोरियां और पेस्टिसाइड के खाली डिब्बे पैकिंग की सामग्री नमक और अन्य सामग्री की व्यवस्था करने का काम देखता था साथ ही नकली खाद एवं पेस्टिसाइड में उपयोग होने वाली सामग्री की खरीद का काम नरेंद्र की जिम्मेदारी पर था नरेंद्र गुप्ता ने मैगलगंज में शमशेर अली का गोदाम किराए पर लेकर उसमें अपना काम चालू किया था- जबकि मनोज गुप्ता ने लालपुर स्थित अपनी गोदाम में बड़ी मात्रा में नकली खाद एवं पेस्टिसाइड बनाने एवं बेचने का काम कर रहा था साथ ही गोदाम के पास में सीमेंट मौरंग की दुकान भी खोल ली थी जिस किसी को शक ना हो और लाल मोरंग सिर्फ मनोज गुप्ता के पास ही उपलब्ध थी वही फुटकर दुकानदारों को मैगलगंज स्थित गोदाम से माल दिया जाता था जो बड़ी संख्या में माल खरीदते थे वह मनोज गुप्ता लालपुर स्थित अपनी गोदाम से देता था।

नकली खाद और पेस्टिसाइड बनाने का मनोज गुप्ता और नरेंद्र गुप्ता उर्फ रजनीश का पुश्तैनी काम!

बताते चले कि नकली खाद कारोबारीयों के पिताजी भी नकली खाद और पेस्टिसाइड बनाने का काम करते थे लगभग बीस पचिस साल पहले प्रशासन ने बाबूराम गुप्ता की दुकान पर भी छापा मारकर नकली खाद और पेस्टिसाइड भारी मात्रा में पकड़ी थी और कमरों में बंद नकली खाद और पेस्टिसाइड को सीज कर दिया था काफी दिन मुकदमा चला लेकिन बाबूराम गुप्ता की मृत्यु के बाद लड़कों ने कमरों को खोल दिया इस बात की जानकारी नहीं लग पाई कि कमरे लीगल तरीके से खोले गए या अन लीगल तरीके से उसके बाद लड़कों ने नकली खाद और पेस्टिसाइड का कारोबार स्वयं संभाल लिया 11 नवंबर 2022 को लखीमपुर के राजा पुर स्थित बंद पड़ी फैक्ट्री में भारी मात्रा में प्रशासन ने मुखबिर की सूचना पर नकली खाद और नकली खाद बनाने वाली सामग्री बरामद की जाच पड़ताल करने के बाद पता चला कि यह सामग्री मनीष गुप्ता पुत्र बाबूराम गुप्ता की है उसके बाद प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए 12 नवंबर 2022 को मैगलगंज में छापा मारकर नरेंद्र गुप्ता उर्फ रजनीश और मनोज गुप्ता पुत्र बाबूराम गुप्ता के गोदाम से भारी मात्रा मे नकली खाद एवं पेस्टिसाइड व नकली खाद एवं पेस्टिसाइड बनाने वाले केमिकल और सामग्री बरामद की जिसकी कीमत करोड़ों रुपए में आँकी जा रही है जिस संबंध में मैगलगंज कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज कराया गया लेकिन 11 महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक प्रशासन इन शातिर नकली खाद एवं पेस्टिसाइड करोवरियों को उनके अंजाम तक नहीं पहुंच पाया है वही मनोज गुप्ता अपने पैसे और रसूख के दम पर प्रशासन पर दबाव बनाकर अपना नाम निकलवाने का लगातार प्रयास कर रहा है।

कहां-कहां जाता था माल कैसे होता था नकली खाद का कारोबार!

सूत्रों की माने तो तीनों भाइयों मनीष गुप्ता मनोज गुप्ता नरेंद्र गुप्ता उर्फ रजनीश ने अपना अपना क्षेत्र बांट रखा था मनीष गुप्ता पीलीभीत बहराइच गोंडा और नेपाल तक सप्लाई देता था तो वही मनोज गुप्ता और नरेंद्र उर्फ रजनीश गुप्ता सीतापुर हरदोई उन्नाव शाहजहांपुर और फर्रुखाबाद तक नकली खाद एवं पेस्टिसाइड की सप्लाई का काम करते थे जिसमें पैसे के लेनदेन का हिसाब किताब नरेंद्र गुप्ता उर्फ़ रजनीश के पास रहता था और माल की डिलीवरी कहां-कहां पहुंचानी है और कहां-कहां से आर्डर लेना है यह काम मनोज गुप्ता देखता था साथ ही नकली खाद एवं पेस्टिसाइड के निर्माण के संबंध में मजदूर और वाहनों की व्यवस्था मनोज गुप्ता ही देखता था वही बाहर से निर्माण वाली सामग्री जैसे बोरी खाली डब्बे केमिकल नमक व निर्माण में होने वाली अन्य सामग्री की व्यवस्था नरेंद्र गुप्ता उर्फ रजनीश करता था।

आर्य कन्या महाविद्यालय मिशन शक्ति की एक और पहल

लखीमपुर खीरी। भगवानदीन आर्य कन्या महाविद्यालय में दिनांक 21 अक्टूबर 2023 को पंजाब नेशनल बैंक के सहयोग से 60 छात्राओं के खाता खुलवाए गए।प्राचार्य डॉक्टर वीणा गोपाल मिश्रा की अध्यक्षता में दूसरे दिन भी छात्राओं ने बढ़ चढ़कर कार्यशाला में प्रतिभाग किया और अपने खाते खुलवाए। मिशन शक्ति के अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला में पंजाब नेशनल बैंक की सहायक प्रबंधक दीपिका जायसवाल ने वुमन पावर अकाउंट के बारे में जानकारी दी एवं छात्राओं को खाता खुलवाने के लिए प्रोत्साहित किया।सहायक प्रबंधक एजाज अहमद एवं सहायक लिपिक विकास वर्मा ने छात्राओं के पंजाब नेशनल बैंक में खाता से सम्बंधित समस्यायों का समाधान किया एवं नये खाता खोले।मिशन शक्ति प्रभारी डॉक्टर सुशीला देवी एवं सविता शुक्ला ने कार्यक्रम का संयोजन किया।

कक्षा 11 की मेधावी छात्रा निमिषा सोनी बनी एक दिन की थानेदार

संवाददाता

मैगलगंज खीरी। मिशन शक्ति फेज -4 के तहत शनिवार को श्रीपाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज की कक्षा 11 की छात्रा निमिषा सोनी को थाना मैंगलगंज का एक दिन का थाना प्रभारी मनोनीत किया गया। एक दिन की थाना प्रभारी द्वारा एक दिन के थानेदार के रूप में सर्वप्रथम थाने पर आगमन पर स्वागत प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार उपाध्याय द्वारा बुके देकर किया गया। मनोनीत थाना प्रभारी द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात थाने पर तैनात स्टाफ से परिचय व उनके कार्यो के सम्बन्ध मे जानकारी ली गयी।

तत्पश्चात थाने का भ्रमण कर हवालात, कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण भी किया गया इस दौरान थाने पर आये हुए शिकायतकर्ताओ की शिकायत सुनकर समुचित निस्तारण हेतु निर्देश दिये गये। निमिषा सोनी द्वारा प्रेषवार्ता भी आहुत की गयी जिसमें पत्रकार बंधुओं द्वारा पूछे गये प्रश्नो का बेबाकी से जवाब दिए । इसके अतिरिक्त निमिषा सोनी द्वारा कस्बा मैगलगंज चौराहे पर चेकिंग करके लोगो को यातायात सम्बन्धी नियमों की जानकारी दी गयी तथा एक मोटरसाईकिल नम्बर अस्पष्ट होने के कारण चालान किया गया। नो-एंट्री मे प्रवेश करने वाले ट्रक के विरुद्ध भी चालान की कार्यवाही की गयी। पैदल गश्त के दौरान बैंक चेकिंग,वाहन चेकिंग भी की गयी।इस दौरान व्यापारी बन्धुओं से अतिक्रमण को नियंत्रित रखने एवं आपरेशन दृष्टि के तहत सीसीटीवी कैमरा लगवाने हेतु व्यापारियो से अनुरोध किया गया। गश्त के दौरान स्कूल से वापस लौट रही छात्राओं से उनकी कुशलता पूछी गयी। जनसुनवाई के दौरान आये आगन्तुक श्री मुख्तयार सिंह जिनके पुत्र का पासपोर्ट बनना था उनके आवेदन पर शीघ्र पुलिस रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु आगन्तुक को आश्वस्त किया गया। उल्लेखनीय है कि निमिषा सोनी एक मेधावी छात्रा है तथा वर्ष 2022-2023 में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा की मैंगलगज क्षेत्र मे टापर रही हैं। एक दिन के थानेदार के रूप में तैनाती के दौरान उनके विद्यालय श्रीपाल सिंह सरस्वती विद्यामंदिर इण्टर कालेज मैगलगंज व उनके पिता रमेश कुमार सोनी सहित पूरे मैगलगंज क्षेत्र के लिए गौरव व सम्मान का पल रहा। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री उत्तम मिश्रा , प्रबंधक श्री राधेश्याम गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्री राममोहन गुप्ता, अन्य अध्यापक/गणमान्य व्यक्ति एवं विद्यालय की काफी संख्या मे छात्रांए मौजूद रहे। थाने पर निरीक्षण के दौरान उ0नि0 श्री गौरव, उ0नि0 श्री रामअवतार, उ0नि0 श्री विक्रान्त, उ0नि0 श्री अनूप कुमार मिश्र, हे0मोहर्रर श्री अरविन्द कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर अतुल यादव, आरक्षी कुलदीप, आरक्षी संजीव, हेल्पडेस्क पर नियुक्त महिला आरक्षी नीतू यादव व महिला आरक्षी ज्योती, महिला आरक्षी स्वाती , महिला आरक्षी शिवांगी , महिला आरक्षी पिंकी, महिला आरक्षी रूचि, महिला आरक्षी मोहना सिंह, महिला आरक्षी प्रिंयका दूबे आदि थाना स्टाप मौजूद रहा।

बीते छह माह में 3,220 गर्भवती ने लिया ईरूपी-वाउचर का लाभ

❖ जिले के 13 निजी डायग्नोसिस सेंटरों पर मिल रही अल्ट्रासाउंड की जांच सुविधा।

संवाददाता

सीतापुर। जिले में जिला महिला चिकित्सालय सहित 19 ब्लॉक सीएचसी हैं। जिला महिला चिकित्सालय के अलावा किसी भी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा नहीं है। ऐसे में ग्रामीण अंचलों की गर्भवती को या तो सुदूर जिला मुख्यालय के चक्कर काटने पड़ते थे, या फिर उन्हें निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर महंगी कीमत पर जांच करानी पड़ती थी। इस समस्या के चलते प्रदेश शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा निजी डायग्नोसिस सेंटरों पर भी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की। इस नई व्यवस्था को पॉयलट प्रोजेक्ट के तौर पर पहले लहरपुर और सिधौली सीएचसी पर जनवरी 2023 में चलाया गया। इस प्रयोग के सफल होने के बाद इसे अप्रैल 2023 सीतापुर सहित पूरे प्रदेश में लागू किया गया। जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। सीतापुर शहरी क्षेत्र सहित यह सुविधा अभी तक 13 निजी डायग्नोसिस सेंटर पर उपलब्ध है। इसी वर्ष बीते माह अप्रैल से लेकर सितंबर के मध्य इस सुविधा का लाभ 3,220 गर्भवती ने उठाया है। इसके अलावा इसी अवधि में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत अब तक 14,536 गर्भवती ने भी अपने स्वास्थ का परीक्षण कराया है। मातृत्व स्वास्थ्य सलाहकार उपेंद्र यादव बताते हैं कि हर माह की एक, नौ, 16 और 24 तारीख को जिला महिला चिकित्सालय सहित सभी ब्लॉक सीएचसी पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर कोई भी गर्भवती किसी भी स्वास्थ्य केंद्र पर आकर अपनी एवं अपनी गर्भस्थ शिशु की जांच करा सकती है।

इनसेट ---

इस तरह काम करती है नई व्यवस्था ---

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत वर्मा ने बताया कि इस नई व्यवस्था के तहत सीएचसी आने वाली गर्भवती का पंजीयन कर जांच के लिए सीएचसी प्रभारी द्वारा ईरुपी-वाउचर उपलब्ध कराया जाता है। लाभार्थी के मोबाइल पर मिलने वाले इस ई-वाउचर को दिखाकर गर्भवती पीसी-पीएनडीटी एक्ट के तहत पंजीकृत एवं सूचीबद्ध 13 निजी डायग्नोसिस सेंटर में से किसी पर भी जांच करा सकती हैं। इस जांच का खर्च प्रदेश सरकार द्वारा वहन किया जाता है। इस वाउचर व्यवस्था के ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया के लिए स्वास्थ्य विभाग ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से करार किया है इस व्यवस्था से आशा कार्यकर्ताओं को भी जोड़ा गया है, आशा कार्यकर्ता गांव की महिलाओं के नियमित संपर्क में रहती हैं। वह गर्भ धारण करते ही महिलाओं का ऑनलाइन पंजीकरण करती हैं। यही पंजीकरण उनके अल्ट्रासाउंड जांच के दौरान काम आता है। निजी डायग्नोस्टिक सेंटर पर एक बार के अल्ट्रासाउंड पर करीब एक हजार रुपये खर्च होते हैं। चार से पांच जांच पर चार से छह हजार रुपये तक खर्च होते हैं।

इनसेट ---

पीपीपी मॉडल का हिस्सा ---

सीएमओ डॉ. हरपाल सिंह का कहना है कि मातृ-शिशु स्वास्थ्य को लेकर हर स्तर पर सावधानी बरती जा रही है। गर्भवती व प्रसूता की जांच में किसी तरह की समस्या न आए, इसके लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। पीसी-पीएनडीटी एक्ट के तहत पंजीकृत सभी निजी डायग्नोसिस सेंटरों को इस व्यवस्था के तहत सूचीबद्ध किया जाना है, जिसकी प्रक्रिया चल रही है जल्द ही ईरुपी-वाउचर की सुविधा शेष सभी निजी डायग्नोसिस सेंटरों पर मिलने लगेगी। जिससे गर्भवती महिलाओं की जांच समय पर हो सकेगी।

इनसेट ---

क्या कहती हैं लाभार्थी ---

सीतापुर शहरी क्षेत्र की अनामिका गुप्ता कहती हैं, मैंने अगस्त माह में शहर के जेल रोड स्थित एक नर्सिंग होम में ई-वाउचर के माध्यम से अपने गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य की जांच कराई थी। इसमें मुझे कोई भी शुल्क नहीं देना पड़ा था। सरकार की यह व्यवस्था गरीब परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

इनसेट ---

इन 13 केंद्रों पर मिल रही ईरूपी-वाउचर की सुविधा ---

प्रगति नर्सिंग होम, सीतापुर, मालती मेमोरिया हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर, सीतापुर, महोली यूएसजी सेंटर, महोली, चंदन यूएसजी सेंटर, महमूदाबाद, न्यू चरक यूएसजी सेंटर, मिश्रिख, सुमित्रा यूएसजी सेंटर, मिश्रिख, एडवांस यूएसजी सेंटर, खैराबाद, चंदन हेल्थ केयर यूएसजी सेंटर, हरगांव, बिसंवा यूएसजी सेंटर, बिसवां, मनीष हॉस्पिटल एंड यूएसजी सेंटर, सिधौली, आरके मिश्रा यूएसजी सेंटर, लहरपुर, आईकॉन हॉस्पिटल एंड यूएसजी सेंटर, लहरपुर और अनुपमा यूएसजी सेंटर, लहरपुर पर यह सुविधा उपलब्ध है।

बड़ी माता मंदिर ग्राम टिहर में श्रद्धालु ओ ने बोए माता के जवारे

बड़ी माता की पूजा करने से पाते हैं लोग मनवांछित फल

❖ दुर्गा रूप बड़ी माता मंदिर पर ग्राम प्रधान प्रदीप गौरव के साथ आनेको भक्तों ने टेका माथा।

संवाददाता

रामपुरा। विकासखंड रामपुरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत टिहर मे बड़ी माता मंदिर दुर्गा स्वरूपा के नाम से विख्यात है और बड़ा ही अनोखा करिश्मा है माता रानी के दरबार में जो भी भक्त आया उसकी सारी तमन्नाओं को माता रानी ने झोली में भरने का काम किया है जो भी भक्त ने श्रद्धा आस्था और विश्वास के साथ पूजा अर्चना की उसे आवश्यक ही मनचाहा वरदान प्राप्त हुआ है बताया जाता है कि इन देवी को ग्रामीण कुलदेवी भी कहते हैं क्योंकि इन्होंने हर कल की रक्षा और सुरक्षा गंभीर समयो पर की है माता रानी की कृपा बड़ी माता की पूजा करने से पाते हैं लोग मनवांछित फल

जिस भक्ति पर पड़ गई निश्चित ही धन्य धन से परिपूर्ण होकर लोगों में चर्चित हो ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गौरव का कहना है कि बुजुर्ग लोग बताते हैं की माता रानी आज से नहीं सदियों पुरानी हैं उनकी कृपा हमेशा नगर पर रही है जब-जब कोई अनहोनी या आपदा आई तब तब माता रानी ने भक्तों की मदद की और उनकी पूजा अर्चना जिस ने मनसा के साथ की उसकी हर हसरत पूर्ण हुई मैया इतनी दयालु है कि सच्चे मन से उनके दरबार पर जो विश्वास रखकर गया वह सुखी और समृद्ध हो गया है वही श्रद्धालुओं ने बताया है की माता रानी का पूरे गांव में शुभाशीष है की कोई भी अनहोनी की कोई आशंका नहीं है जब भी कोई ऐसी आपदा आगे बढ़ती है तो माता रानी उसे आपदा को समाप्त कर देती हैं उनकी बड़ी ही असीम अनुकम्पा है जो भी भक्त थैले की माता रानी से यह वरदान प्राप्त करना है तो माता रानी निश्चित उसके मन में उठ उसे वह वरदान आवश्यक प्राप्त होता है बड़ी माता मंदिर के साथ काली माता मंदिर भैरव जी मंदिर साइ बाबा का मंदिर है इन मंदिरों पर सच्चे विश्वास के साथ वहां जाने पर भक्तों की क्लेश काटते हैं ग्राम अध्यक्ष प्रदीप कुमार गौरव के साथ राकेश कुमार पत्रकार सोनू कुशवाह वह समस्त श्रद्धालुओं ने एवं ग्रामीण वासियों ने माता के दर्शन कर अपनी-अपनी मनवांछित फल पाने का मां से वरदान प्राप्त किया।

जालौन में गोली लगने से महिला की मौत, पुलिस जांच में जुटी

जालौन। उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में गोली लगने से एक महिला की मौत हो गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ईराज राजा ने बताया कि बृहस्?पतिवार की देर रात लगभग 12 बजे सूचना मिली कि कोतवाली उरई के मोहल्ला गोपालगंज में टिंकू यादव के मकान में गोली चलने की आवाज सुनी गयी। उन्?होंने बताया कि सूचना मिलने पर वह खुद पुलिस बल सहित घटनास्थल पर पहुंचे।

एसपी ने नमाज के दौरान मस्जिदों में इमाम तथा नमाजियों से किया संवाद

संवाददाता

कालपी(जालौन)। कानून एवं शांति व्यवस्था की कसौटी पर खरा उतरने के लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा धर्मस्थलों के आसपास सक्रियता बरती जा रही है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने विख्यात खानकाह दरगाह की मस्जिद में के आसपास के क्षेत्र का जायजा लिया तथा पेश इमाम तथा नमाजियों से मुलाकात की। इस मौके पर कमेटी के सदस्यों के द्वारा पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया गया। विदित हो कि नवरात्रि, दशहरा पर्व को लेकर जनपद में पुलिस प्रशासन बहुत ही अलर्ट है, किसी को मद्देनजर रखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा विख्यात दरगाह खानकाह मस्जिद में जुमे की नमाज का जायजा लिया। नमाज के समापन के बाद पुलिस अधीक्षक ने कमेटी के सदस्यों तथा पेश इमाम मौलाना अशफाक अहमद बरकाती से मुलाकात की तथा कई मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान सभासद निजाम खान, खान बाबू सहित भारी संख्या में नमाजी मौजूद रहे। कमेटी के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक को माला पहनकर स्वागत किया। खानकाह मस्जिद में क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार सिंह राठौर, अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ, उपनिरीक्षक चेतराम बुंदेला, धर्मेंद्र कुमार तथा जवानों के साथ पुलिस अधीक्षक ने फुटमार्च किया तथा मुन्ना फुल पावर चौराहे में फुटमार्च का समापन किया गया। रूट में कई स्थानों पर पुलिस अधीक्षक तथा अधिकारियों ने जनता से संवाद स्थापित किया। पुलिस अधीक्षक ने नए-नए स्थानों में स्थापित सीसीटीवी कैमरे की भी हकीकत देखी। थानेदारों तथा पुलिस जवानों को उन्होंने शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नसीहत दी।

एक नज़र

सीएचसी में अब हफ्ते में तीन दिन ही होगा एक्सरे

एजेंसी

जालौन। सीएचसी में सप्ताह में तीन दिन एक्सरे सेवा बंद कर दी गई है। इससे मरीजों को दिक्कत हो रही है। लोगों ने चिकित्सालय में प्रतिदिन एक्सरे सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्सरे सुविधा को तीन दिन के लिए बंद कर दिया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्सरे मशीन आपरेटर राजेश चौहान की ड्यूटी लगी है। अभी तक सप्ताह भर एक्सरे सुविधा उपलब्ध थी। अब स्वास्थ्य विभाग ने उनकी तीन दिन ड्यूटी कदौरा लगा दी। तीन दिन कदौरा ड्यूटी लगा देने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार, शुक्रवार व शनिवार को एक्सरे सेवा बंद कर दी गई है। अब सिर्फ सोमवार, मंगलवार व बुधवार को ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्सरे सेवा उपलब्ध रहेगी। जनता को बताने के लिए सूचना भी चस्पा कर दी गई है। सप्ताह में तीन दिन एक्सरे सेवा बंद होने के कारण मरीजों को दिक्कत हो रही है। मरीजों की संख्या में जनपद में प्रथम स्थान पर चलने वाले चिकित्सालय में एक्सरे सुविधा बंद होने से जनता में नाराजगी है। नगर के दीपक शर्मा, दीपक श्रीवास्तव, विनय निगम, उमेश दीक्षित, नरेंद्र, प्रदीप ने डीएम से प्रतिदिन एक्सरे सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग की है जिससे मरीज व तीमारदारों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

कोंच ईओ का वेतन रोका, कालपी पर कार्रवाई की संस्तुति

एजेंसी

जालौन उरई। डीएम चांदनी सिंह ने सोमवार को नगर पालिका व नगर पंचायत की ओर से कराए गए कार्यों की समीक्षा बैठक कलक्ट्रेट सभागार में की। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों की ओर से कम वसूली होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। साथ ही चेतावनी दी राजस्व वसूली में तेजी लाएं। नगर पालिका कोंच में वसूली कम होने व विद्युतीकरण पूर्ण न होने के कारण ईओ का वेतन रोकने के निर्देश दिए। ईओ कालपी की ओर से जानबूझकर राजस्व की क्षति परक उनके खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित निकायों द्वारा टेंडर कार्य के लिए किया गया है। उसमें विलंब होता है तो संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किया जाए। नगर पालिका व नगर पंचायतों के निर्माण कार्य तेजी से कराए जाने के निर्देश दिए। कहा कि एमआरएफ केंद्रों में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक गोशालाओं में निरीक्षण करें। गोशाला में कितने गोवंश और किए जा रहे व्यय का लेखा जोखा रजिस्टर में अंकित रहे। गोशाला में पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहे। उन्होंने निकायों में एक- एक सुंदर पार्क व मॉडल प्रोजेक्ट की तरह तालाब एक माह में बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी ईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में अस्पताल, होटल, मीट की दुकानें आदि का सर्वे कर राजस्व की वसूली करें। इस दौरान एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव आदि मौजूद रहे।

कदौरा-कालपी सीएचएसी में लगी हेल्थ एटीएम

जालौन कालपी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालपी और कदौरा में बुधवार को हेल्थ एटीएम का भारंभ विधायक विनोद चतुर्वेदी, पूर्व विधायक नरेंद्र पाल सिंह जादौन ने किया। हेल्थ एटीएम के उद्घाटन के समय मौजूद सीएमओ डॉ. एनडी तिवारी ने बताया कि पूरी तरह से ऑनलाइन यह मशीन कुछ ही देर मे शरीर की लंबाई, वजन के साथ बल्डप्रेशर, शरीर की अन्य कमियोंकी भी जानकारी बता देती है। साथ ही ब्लड सम्बन्धी जांचें जैसे शुगर, हीमोग्लोबिन की भी जानकारी कुछ ही देर में मिल जाएगी। इस मौके पर एसडीएम अभिषेक कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डा. उदय कुमार आदि मौजूद थे। कालपी। सीएचसी में काफी लंबे समय से ठप पड़ी एक्सरे मशीन और सीवीसी जांच बंद होने के सवाल पर सीएओ को गुस्सा आय गया। पत्रकारों ने जब उनके पूछा कि एक्सरे मशीन की केबल कब तक लग जाएगी। इस पर उन्होंने कहा कि केबल फुंक गई है, इसमें कोई क्या कर सकता है। उन्होंने इसका प्रस्ताव बनाकर भेज दिया है, अब ये मामला शासन का है। शासन जब बजट दे देगा तब वह उसको सुधरवा देंगे।

एसडीएम के निर्देश पर फैक्ट्री के अवैध नवनिर्माण को ध्वस्त कराया

संवाददाता

कालपी(जालौन)। स्थानीय नगर के मोहल्ला आलमपुर में स्थित एक कागज फैक्ट्री के संचालक के द्वारा मैन सड़क में पिलर बनाकर अवैध निर्माण कार्य करने पर प्रशासन के द्वारा कार्यवाही की गई है। उपजिलाधिकारी के निर्देश पर अवैध निर्माण के पिलर को ध्वस्त कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आलमपुर कदौरा फाटक मोहल्ला निवासी सुभाष तिवारी के द्वारा थाना समाधान दिवस में शिकायत की गई थी कि आरोपी सीताराम गुप्ता अपनी कागज फैक्ट्री के सामने मैन सड़क में पिलर बनाकर अवैध तरीके से निर्माण कार्य कर रहा है। प्रशासन के द्वारा जांच कराई गई तो मामले की शिकायत सही पाई गई। उपजिलाधिकारी केके सिंह ने अवैध निर्माण को हटाने के लिए निर्देश जारी कर दिया। बीती शाम को नगर पालिका परिषद कालपी के राजस्व निरीक्षक रामभवन सिंह टीम को लेकर निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचे। राजस्व निरीक्षक रामभवन ने प्रशासन के निर्देश का हवाला दिया। इस पर कागज फैक्ट्री संचालक द्वारा खुद अपने मजदूरों से सड़क में बनाए गए नवनिर्मित पिलर को गिरा दिया गया। मालूम हो कि पिलर बन जाने से सड़क मार्ग संकरा हो जाता जिससे आवागमन प्रभावित हो जाता।

नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव की मौजूदगी में विधायक विनोद चतुर्वेदी के द्वारा भूमि पूजन करके निर्माण कार्य को शुरू कराया गया

संवाददाता

कालपी(जालौन)। स्थानीय नगर के मोहल्ला राम चबूतरा में स्थित खटीक समाज की धर्मशाला को सुंदर एवं विकसित करने के उद्देश्य से विधायक विकास निधि से विशाल हाल का निर्माण करने के लिए धनराज आवंटित की गई है। शुक्रवार को नगर पालिका परिषद कालपी के अध्यक्ष अरविंद यादव की मौजूदगी में विधायक विनोद चतुर्वेदी के द्वारा भूमि पूजन करके निर्माण कार्य को शुरू कराया गया है। मालूम हो कि रिटायर्ड शिक्षक एवं समाजसेवी सुरेश वर्मा के द्वारा धर्मशाला में विशाल हॉल का निर्माण कार्य कराने के लिए क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी से मांग प्रस्तुत की थी इसी को मद्देनजर रख विधायक के द्वारा हाल के निर्माण के लिए क्षेत्रीय विकास विधायक निधि से बजट आवंटित किया गया है। शुक्रवार को विधायक विनोद चतुर्वेदी, समाजसेवी मनोज चतुर्वेदी, डॉ सुरेश वर्मा, शिशुपाल पाल सिंह उर्फ पप्पी की मौजूदगी में भूमि पूजन करके निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। समाज के काफी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। सभी लोगों ने विधायक विनोद चतुर्वेदी तथा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरविंद यादव का फूल माला पहनकर स्वागत किया तथा आभार जताया।

अच्छी हड्डियों के लिए कैल्शियम, विटामिन डी के साथ-साथ विटामिन सी है बहुत जरूरी: डॉक्टर सरमील कुमार डाइटिशियन

संवाददाता

उरई जालौन। ऑस्टियोपोरोसिस एक हड्डी की बीमारी है जो तब होती है जब शरीर बहुत अधिक हड्डी खो देता है या बहुत कम हड्डी बनाता है। इससे हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और थोड़े से भी खिंचाव, भार या चोट से फ्रैक्चर होने की संभावना बनी रहती है। खराब आहार जिसमें कैल्शियम, विटामिन डी और विटामिन सी की कमी हो, उम्र बढ़ने, एस्ट्रोजन की कमी आदि से ऑस्टियोपोरोसिस का अधिक खतरा होता है।

आज ऑस्टियोपोरोसिस दिन पर बुन्देलखण्ड के एक मात्र डाइटिशियन सरमील कुमार से बातचीत के कुछ अंश –

डॉक्टर सहाब ओस्टियोपोरोसिस के क्या लक्षण होते हैं उमर के बढ़ते ऊंचाई का कम होना या बच्चों में लंबाई ना बढ़ना, पोश्चर में बदलाव, सांस की तकलीफ, हड्डी टूटना, पीठ के निचले हिस्से में दर्द जिसे कमर दर्द कहते हैं आदि लक्षण प्रकट होते हैं।

डॉक्टर सहाब ओस्टियोपोरोसिस की क्या मेडिसन है?

ओस्टियोपोरोसिस की कोई स्पेशल मेडिसन नहीं है, ओस्टियोपोरोसिस के मरीज़ को डाइटिशियन के साथ बैठकर अपनी पोषण युक्त डाइट का प्लान करना चाहिए जिसमें प्रोटीन, मैग्नीशियम, विटामिन के, जिंक, कैल्शियम, विटामिन डी और कोलेजन युक्त न्यूट्रिशन होना चाहिए। शुरुआत में सप्लिमेंट्स की जरूरत पड़ती है हीलिंग को बूस्ट करने के लिए। डॉक्टर सहाब जब भी आप से चर्चा होती है तब आप कुछ नया बताते हैं?

नया तो कुछ नहीं, स्पेशल ये है कि जब किसी को फैक्चर होता है तो कैल्शियम और विटामिन डी पर ज्यादा फोकस करते हैं लेकिन भूल जाते हैं कि विटामिन सी उतना ही जरूरी है जितना जरूरी है कैल्शियम और विटामिन डी। विटामिन सी एंटी इन्फ्लेमेटरी होता है जो सूजन को कम करता है और हड्डी के मैट्रिक्स में कॉलेजन के उत्पाद को बढ़ाता है, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस या फैक्चर उसकी हीलिंग बहुत फास्ट हो जाती है।

जिले में खाद की दुकानों पर हुई छापामारी ,कमियां मिलने पर दिए नोटिस

❖ जिले में खाद की दुकानों पर हुई छापामारी ,कमियां मिलने पर दिए नोटिस ।

❖ जिले की 34 दुकानों पर टीमों ने किया निरीक्षण, 13 दुकानों से लिए नमूने।

एजेंसी

उरई। शासन के निर्देश पर डीएम ने जिले के खाद विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण करने के लिए कार्यकारी मजिस्ट्रेटों एवं उर्वरक निरीक्षकों की संयुक्त टीमें बनाई थी, गुरुवार को टीमों ने जिले की 34 खाद की दुकानों पर छापामारी की। जिले में गुरुवार को विभिन्न स्थानों पर खाद की 34 दुकानों पर छापा मारकर 13 दुकानों से खाद के नमूने लिए, वहीं पांच लोगों को कारण बताओं नोटिस दिए गए। टीमों ने खाद की दुकानों पर डीएपी के स्टॉक व पीओएस मशीनों की जांच की। वही उत्पादों की ट्रैगिंग निर्धारित मूल्यों पर विक्रय किए जाने की जानकारी की। टीम ने गुरूवार को जिले में 34 दुकानों पर छापा मारा, जहां कमियां मिलने पर 5 खाद विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किए।

परिजनों ने प्राइवेट चिकित्सक पर लगाया लापरवाही का आरोप, पथरी का ऑपरेशन था

जालौन। जालौन में गॉल ब्लेडर के ऑपरेशन के दौरान एक महिला की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया। इस शिकायत का संज्ञान लेने के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर सीएमओ ने पांच सदस्यीय कमेटी बना दी है। जिससे मामले की हकीकत सामने आ सके।

नगर पालिका परिषद कालपी की दूसरी बोर्ड बैठक में 5 प्रस्ताव पारित विधायक एवं पालिकाध्यक्ष की मौजूदगी में बैठक में नगर के विकास के लिये रहा जोर

संवाददाता

कालपी(जालौन)। शुक्रवार को पदेन सदस्य क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी की मौजूदगी में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरविंद यादव की अध्यक्षता में नगर पालिका बोर्ड की द्वितीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगर के विकास की योजनाओं से संबंधित कई प्रस्तावों को पारित किये गए। शक्रवार की दोपहर तीन बजे नगर पालिका परिषद कालपी की बोर्ड बैठक पालिका के सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक के अवसर पर सभासदो, अधिशासी अधिकारी वेद प्रकाश यादव तथा सम्बंधित आधिकारियों की मौजूदगी रही। पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि नगर के चतुर्मुखी विकास को कराने के लिए हम सभी लोगों को मिलजुल कर सहयोग करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि बोर्ड के सभी सदस्य अच्छे कार्य तथा विकास के लिए एकजुट होकर अपने दायित्वों का निर्वाह करें तथा जनता की आकांक्षाओं को भी पूरा करने की हम सबकी जिम्मेदारी है, इसके लिए हम को सदैव तैयार रहना होगा। मीटिंग का संचालन एकाउंटेंट हरभूषण चौहान के द्वारा किया गया। बोर्ड बैठक में 21करोड़ 28 लाख रुपए का बजट पास किया गया। जिसमें 15 करोड़ 61 लाख की आय तथा प्रारम्भिक अवशेष 5 करोड़ 67 लाख रुपए की धनराशि शामिल है। बैठक में नगरीय सड़क सुधार योजना, गौवंश आश्रय स्थल का संचालन, 15 वां वित्त आयोग स्थापना विकास निधि स्टांप शुल्क, नया सवेरा नगर विकास योजना, कान्हा गौशाला एवं पशु आश्रय योजना, स्वच्छ भारत मिशन, डॉक्टर अब्दुल कलाम नगरीय सौर पुंज योजना, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना, राज्य वित्त आयोग , ठेकेदारी पंजीकरण जमानत धनराशि आदि के मामले प्रस्तुत करके प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक में पालिका का वर्ष 2023-24 पुनरीक्षित बजट प्रस्तुत किया गया। माह जून, जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर 2023 के आय व्यय बजट प्रस्तुत करके स्वीकृत किया गया। भवनों के मानचित्र को स्वीकृति करने पर सहमति जताई गई। इसी प्रकार बोर्ड बैठक में पेयजल के लिए टंकी बनाने के लिए मोहल्ला उदनपुरा में जमीन का चयन करने पर प्रस्ताव पारित किया गया। बोर्ड बैठक में वार्षिक बजट, पालिका के मासिक आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया तथा विकास कार्यों की योजनाओं से संम्बंधित प्रस्तावों को प्रस्तुत करके चर्चा की गई। नगर के चतुर्मुखी विकास कराने के लिए पालिका की ओर जल्दी काम करने पर जोर दिया गया। बोर्ड बैठक में कपिल शुक्ला, सुनील पटवा, बरकत अंसारी, अतुल सिंह चौहान, कमलेश कुमारी, रियाजुल हक, पप्पी यादव, शशि गुप्ता, खान बाबू, नंदिनी जाटव, खान बालू, कमलेश यादव, भाग्यश्री, रईसा खातून, गीता पाल, पप्पू खान, नंदनी जाटव, अमरीश अग्रवाल, विनीता देवी, इकबाल अहमद एड., राजू शेख, निजाम खान, लाला खान आदि

मारपीट में भाजपा महिला कार्यकर्ता समेत तीन को पार्टी से बाहर किया

एजेंसी

उरई। नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम में भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं के बीच हुई मारपीट के मामले में प्रदेश नेतृत्व ने दोनों महिला कार्यकर्ताओं सहित मंडल अध्यक्ष को पार्टी से निष्कासित कर दिया। कालपी के एक पैलेस में मंगलवार को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ था। कार्यक्रम होने के बाद कार्यक्रम स्थल के बाहर कुठौंद महिला मोर्चा की अध्यक्ष पूजा शुक्ला व कार्यकर्ता निधि दुबे के बीच किसी बात को लेकर जमकर मारपीट हुई थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था। घटना के बाद जिले से लेकर प्रदेश तक में पार्टी की खूब किरकिरी हुई थी। इसके बाद जांच समिति बनाई गई थी। जिसमें पूर्व जिलाध्यक्ष उद्यन पालीवाल, जिला मंत्री विवेक कुशवाहा, मंडल प्रभारी तरुण तिवारी, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ऊषा गुप्ता ने जांच कर प्रदेश नेतृत्व को रिपोर्ट भेजी थी। प्रदेश नेतृत्व ने दोषी पाए गए कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष कुठौंद अमित नीखरा, पूजा शुक्ला व निधि दुबे को पार्टी से निष्कासित कर दिया। इसकी पुष्टि जिलाध्यक्ष भाजपा उर्विजा दीक्षित ने की।

गुरदीप कुमार (सोनू) की हत्या के मामले सुलझाते हुए तीन हत्यारोपियों को किया गिरफ्तार

एजेंसी

नवांशहर । जिला शहीद भगत सिंह नगर पुलिस द्वारा पिछले दिनों थाना सिटी बंगा क्षेत्र के गांव खमाचो निवासी सलून मालिक 24 वर्षीय गुरदीप कुमार (सोनू) की हत्या के मामले को सुलझाते हुए तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने हत्या का कारण कुछ समय पहले मृतक गुरदीप कुमार के सलून के सामने एक युवक की पिटाई बताया है। हत्यारोपी व पनाहगार गैंग्स्टर खत्री ग्रुप से संबंधित बताएं जा रहे हैं। पुलिस ने आरोपितों से और पूछताछ के लिए माननीय अदालत में पेश कर तीन दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया है। इस संबंध में पत्रकारों को जानकारी देते एसएसपी शहीद भगत सिंह नगर डॉ अखिल चौधरी ने बताया कि 14 अक्टूबर 2023 को थाना सिटी बंगा पुलिस को गांव खमाचो निवासी हरभजन लाल ने सूचना दी थी कि उसका रिश्तेदार गांव खमाचो निवासी गुरदीप कुमार (सोनू) गांव में ही सलूक चलाता था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि 13 अक्टूबर 2023 की दोपहर 2ः50 बजे के करीब बाइक पर सवार तीन नकाबपोश गुरदीप कुमार की दुकान पर आए और उसे अपने बाइक पर बिठाकर साथ ले गए। वह और उसका पूरा परिवार दिन और रात गुरदीप कुमार की तलाश करता रहा। लेकिन गुरदीप कुमार घर वापस नहीं लौटा और ना ही वह फोन उठा रहा था। इस दौरान 14 अक्टूबर 2023 को बंगा के एक पुराने पैलेस के पीछे सुनसान स्थान से गुरदीप कुमार (सोनू)का शव बरामद हुआ था। हरभजन सिंह के बयान पर थाना सिटी बंगा में तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धारा 302 व 34 तहत मुकदमा नंबर 68 दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी गई थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी (जांच) डॉ मुकेश कुमार की अध्यक्षता में हत्यारोपियों की धड़ पकड़ के लिए डीएसपी बंगा, डीएसपी (डी), डीएसपी (एच एंड एफ), डीएसपी (स्पेशल ब्रांच), थाना सिटी बंगा, सदर बंगा, बहराम व मुकंदपुर सहित सीआईए इंचार्ज की विभिन्न टीमें गठित की गई थी। जिसके परिणामस्वरूप टीमों द्वारा कार्रवाई करते हुए और मौके पर मिले सबूत, सीसीटीवी कैमरा की फुटेज, टेक्निकल एंगल व खुफिया रिसोर्स की सहायता से इस मामले की गंभीरता से जांच करते हुए वारदात में शामिल तीनों आरोपितों को ट्रेस कर लिया गया। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले गांव गोविंदपुर (बंगा) निवासी सुखदेव सिंह (मनी) पुत्र त्रिलोचन सिंह, जसप्रीत सिंह (जस्सी) पुत्र हरजिंदर पाल व गांव इब्राहिमपुर (होशियारपुर) मौजूदा गांव गोविंदपुर निवासी सिमरन प्रीत सिंह (सिम्मी) पुत्र बलजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि हत्यारोपियों को पनाह देने वाले गांव पालां (जालंधर) मौजूदा निवासी गांव हपोवाल (बंगा) करनजीत सिंह (जस्सा) पुत्र सुरिदर सिंह व गांव गोविंदपुर निवासी लवप्रीत क्लेर (लव) पुत्र सुरिंदरपाल की तलाश जारी है। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों से की गई पूछताछ दौरान सामने आया है कि गांव हपोवाल निवासी करनजीत सिंह की गांव निवासी गुरिंदर पहलवान से पुरानी दुश्मनी चल रही थी। क्योंकि गुरिंदर पहलवान ने करनजीत सिंह (जस्सा) की गांव खमाचो में मृतक गुरदीप कुमार (सोनू) के सलून पर पिटाई की और उसे काफी जलील किया था। करनजीत सिंह (जस्सा) व मृतक गुरदीप कुमार एक दूसरे को पहले से ही पहचानते थे और करनजीत अक्सर गुरदीप कुमार की दुकान पर आया जाया करता था। किरनजीज को संदेश था कि उसके दुकान पर होने की जानकारी गुरिंदर पहलवान को गुरदीप कुमार ने ही दी थी। जिसके चलते वह उससे बदला लेना चाहता था। इस रंजिश के चलते ही करनजीत सिंह (जस्सा) ने अपने साथी लवप्रीत क्लेर और सुखदेव सिंह के साथ मिलकर गुरदीप कुमार (सोनू) को उसके सलून से अपने बाइक पर बैठा लिया और उसकी हत्या कर शव एक सुनसान पैलेस के पीछे फैंक दिया था। पुलिस ने बताया कि गुरदीप कुमार की हत्या करने से पहले करनजीत सिंह (जस्सा) अपने किसी अन्य टारगेट के लिए गांव गया था। लेकिन उसमें वह सफल नहीं हो पाया और उसने अपने साथियों सहित बाइक पर आकर गुरदीप कुमार को उसके सलून से उठा लिया और उसकी हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि करनजीत सिंह (जस्सा), लवप्रीत क्लेर (लव) और सुखदेव सिंह (मनी) गुरदीप कुमार (सोनू) की हत्या में सीधे रूप में शामिल थे जबकि जसप्रीत सिंह जस्सी ने करनजीत सिंह जैसा को अपना दी और करनजीत सिंह (जस्सा) को अपने बाइक पर सुखदेव सिंह (मनी) के घर छोड़ा था। वहीं सिमरनप्रीत सिंह (सिमी) ने जस्सा हपोवाल, लवप्रीत क्लेर और सुखदेव सिंह (मनी) को अपने घर गांव इब्राहिमपुर (होशियारपुर) में 5 दिन पनाह दी थी। पुलिस ने बताया कि करनजीत सिंह (जस्सा) गैंगस्टर है और सोनू खत्री गैंग से संबंधित है। जिसके खिलाफ पहले भी अपराधिक मामले दर्ज हैं। जिसमें वह बघोड़ा चल रहा है। वहीं लवप्रीत क्लेर (लव) के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत एक मुकदमा दर्ज है।

विधि व्यवस्था को लेकर डीएम और एसपी ने किया फ्लेग मार्च

एजेंसी

तिलौथु। नवरात्र त्योहार को लेकर सप्तमी को मां दुर्गा का पट खोलते ही जहां हजारों श्रद्धालु दर्शन को सड़क पर निकल पड़े वही विधि व्यवस्था को लेकर जिला अधिकारी नवीन कुमार और पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के नेतृत्व में तिलौथू में फ्लैग मार्च किया गया। जिसकी शुरुआत फल मंडी से लेकर क्लब घर में स्थापित मां दुर्गा के पंडाल तक किया गया तथा वहां से फ्लैग मार्च मुख्य सड़क होता हुआ बाबूगंज स्थित मां दुर्गा की स्थापित प्रतिमा के निकट पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान जिला अधिकारी ने कहा कि जिले के सभी संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया जा रहा है ।त्योहार को आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने तथा असामाजिक तत्वों के इरादों को विफल करने के उद्देश्य से तिलौथू और सासाराम में फ्लैग मार्च किया गया है तथा लोगों से अपील की गई है की आपसी सौहार्द और तालमेल के साथ नवरात्र त्योहार मनाए तथा किसी भी तरह की अप्रिय घटना या सूचना अपने स्थानीय अधिकारियों को दें अफवाहों पर ध्यान बिल्कुल न दें तथा गड़बड़ी फैलाने वालों पर भी पुलिस प्रशासन गहरी निगाह रखे हुए हैं तथा ऐसे लोगों को किसी भी असामाजिक कार्यों में लिप्त पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में इनके अलावा एसडीम अनिल कुमार सिंह, एसडीपीओ कुमारी विनीता सिंहा ,प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार, अंचल अधिकारी कुमार भारतेंदु, थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ,सब इंस्पेक्टर अंकुश मंडल श्रम प्राधिकारी मनोहर चौधरी समेत कई जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे।

एक नज़र

विदेशी महिला की हत्या के मामले में एक गिरफ्तार, चेन से बंधे मिले थे हाथ-पैर और उस पर लगा था ताला

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर इलाके में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) स्कूल के पास मृत मिली महिला के मामले में शनिवार को पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर इलाके में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) स्कूल के पास मृत मिली महिला के मामले में शनिवार को पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान गुरप्रीत के रूप में हुई है। आरोपी को तकनीकी जांच के आधार पर मिली जानकारी के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उससे मृत महिला की पहचान और हत्या के कारणों के बारे में पूछताछ कर रही है। महिला स्विट्जरलैंड की नागरिक है 11 अक्तूबर को दिल्ली आई थी, पुलिस सूत्रों के मुताबिक गुरप्रीत की मृत महिला से स्विट्जरलैंड में हुई थी मुलाकात, जिसके बाद दोनों के बीच दोस्ती हुई। मृत महिला के हाथ-पैर चेन से बंधे हुए थे और चेन में ताला लगा हुआ था। 30 वर्षीय महिला का शव शुक्रवार सुबह तिलक नगर में बरामद किया गया था। शव का ऊपरी हिस्सा काले रंग की प्लास्टिक से ढका हुआ था। दिल्ली पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच कर रही थी। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस को पता चला कि महिला का शव एक कार में वहां लाया गया था। कार नंबर की जांच कर पुलिस उसकी मालकिन के पास पहुंची, उससे पूछताछ करने पर पता चला कि दो महीने पहले कार किसी अन्य व्यक्ति को बेच दी थी।

सीएम सुक्खू ने आपदा प्रभावितों को दिए नौ करोड़, बोले- जनता को ठगने का काम कर रहे जयराम

एजेंसी

कुल्लू। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जयराम ठाकुर जनता को ठगने का काम कर रहे हैं। तीन बार केंद्रीय टीम प्रदेश का दौरा कर लौट गई मगर राहत पैकेज नहीं मिला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को कुल्लू में आपदा प्रभावितों को नौ करोड़ रुपये की राहत राशि जारी की। सीएम ने कहा कि कुल्लू में सबसे पहले आपदा आई और अब मदद भी कुल्लू से शुरू की जा रही है। आपदा में 75,000 सैलानियों को सुरक्षित निकाला गया। सरकार ने रात दिन एक कर काम किया है। आपदा में तबाह हुए घरों के मालिकों को अब घर बनाने के लिए सात लाख रुपये मिलेंगे। प्रदेश में 3500 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। कांग्रेस सरकार आपदा में काम और भाजपा राजनीति कर रही थी। उत्तराखंड और भुज की तरह पैकेज देने की मांग पर भाजपा विधायकों के मुंह सिल गए। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जयराम ठाकुर जनता को ठगने का काम कर रहे हैं। तीन बार केंद्रीय टीम प्रदेश का दौरा कर लौट गई मगर राहत पैकेज नहीं मिला। भगवान भी भाजपा नेताओं को कभी माफ नहीं करेगा। दस साल में देश में समृद्ध और अमीर राज्य होगा हिमाचल। नौकरी ढूंढेंगे नहीं, दूसरों को नौकरी देने काम करेंगे। सीएम ने कह कि यह काम सरकारी पैसे से नहीं हो रहा है। भाजपा की तरह करोड़ों रुपए खर्च कर कार्यक्रम नहीं करवा रहे हैं। 230 करोड़ रुपए अभी तक आपदा राहत कोष में जमा हुआ है।

बच्चों के झगड़े में भिड़े अभिभावक , प्राथमिकी

तिलौथू । थाना क्षेत्र के कैथी ग्राम में बच्चों के आपसी विवाद में अभिभावक इस कदर उलझ पड़े की दोनों तरफ से लाठियां चल गई। जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया घटना के बाद पीड़ित व्यक्ति ने राजन कुमार पासवान ने गांव के ही तीन लोगों को नामजद करते हुए प्राथमिक की दर्ज कराई है। थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि कैथी ग्राम में मूर्ति के निकट बने स्टेट के करीब दो बच्चों के झगड़ा में दोनों के अभिभावक आपस में झगड़ पड़े। जिसमें राजन कुमार पासवान गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बयान पर गांव के ही राजा बाबू ,कुश सिंह और बूटाली सिंह के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज की गई है तथा एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

ससुराल आए दामाद की बाइक चोरी

एजेंसी

तिलौथू। अमझोर थाना क्षेत्र के रामडीहरा ग्राम में ससुराल आए एक व्यक्ति की बाइक दरवाजे पर से ही गायब हो गई। इसके बाद काफी खोजबीन के पश्चात पीड़ित राहुल सिंह ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसमें कहा गया है कि उसके जीजा कल शाम घर पर आए थे तथा देर रात बाहर निकले तो देखा के दरवाजे पर लगाई गई बाइक मौजूद नहीं है। इधर दूसरी तरफ भीसडा ग्राम में दरवाजे पर खड़े ट्रैक्टर को अज्ञात चोर ले उड़े। ट्रैक्टर मालिक सुरेंद्र यादव ने अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है ।एक ही रात दो जगह चोरी की वारदात से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है।

नवरात्र को लेकर तूतला भवानी धाम में भक्तों का लग रहा जमावड़ा

एजेंसी

तिलौथू। प्रखंड के धर्मस्थल तुतला भवानी धाम में नवरात्र को लेकर काफी रौनक बढ़ गई है तथा भक्तों की आवागमन से तथा धार्मिक गीतों ने पूरे इलाके को भक्ति में बना दिया दिया है। भक्तों के लिए 4ः00 बजे भोर से ही झूला पुल का गेट खोल दिया जा रहा है ताकि भीड़ के कारण भक्तों को कठिनाई न हो तथा सभी आसानी से दर्शन कर लें स्थानीय धाम समिति के सदस्यों ने बताया कि यहां भी नवरात्र चढ़ते ही दुर्गा पाठ किया जा रहा है तथा प्रतिदिन इस जिले के लाभ है दूसरे जिले से भी लोग मा तूतलेश्वरी का दर्शन करने पहुंचने लगे हैं। बताया कि नवरात्र के दिन यहां बड़े पैमाने पर भंडारे का आयोजन कर खीर पुरी का वितरण किया जाता है। जिसे पाने के लिए हजारों की संख्या में भक्तों के भीड़ जुड़ती है



तुतला भवानी धाम आने से पूरी होती मनोकामना

तुतला भवानी प्रतिमा का इतिहास अती प्राचीन है मन की मुराद या मन वांछित फल प्राप्ति के लिए यह मंदिर काफी प्रसिद्ध है। चाहे शारदीय नवरात्र हो या फिर वासातीक नवरात्र धाम की महिमा अधिक बढ़ जाती है पूरे नवरात्रि मेले का आयोजन भी होता है। यहां तुतला मां की खंडित और नई प्रकार की प्रतिमा है या मूर्ति गढ़वाल कला का उत्कृष्ट नमूना माना जाता है तुतला भवानी के आठ हाथों के कारण इन्हें अष्टभुजी भवानी भी कहते हैं मंदिर की प्राचीनता यहां से प्राप्त शिलालेख से ही पता चलता है कि बहुत पहले राजा प्रताप धवल ने दोनों मूर्तियों में से एक की प्राण प्रतिष्ठा करवाई थी। तूतालेश्वरी धाम को बिहार के साथ-साथ उत्तर भारत या कहें तो संपूर्ण भारत में भी इसकी महत्ता का प्रचार किया जाता रहा है सड़क से लेकर सभी मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है कैमूर पहाड़ी में बसा है धाम डेहरी से मात्र 20 किलोमीटर की दूरी पर कैमूर की पहाड़ी में तूतालेश्वरी धाम को बिहार के साथ-साथ उत्तर भारत या कहें तो संपूर्ण भारत में भी इसकी महत्ता का प्रचार किया जाता रहा है सड़क से लेकर सभी मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है कैमूर पहाड़ी में बसा है धाम डेहरी से मात्र 20 किलोमीटर की दूरी पर कैमूर की पहाड़ी में तुतला भवानी धाम में बसा हुआ है धाम के निकट जाते ही आपको मंदिर का एक बोर्ड लगा हुआ गेट मिलेगा और यहीं से करीब 1 किलोमीटर की कच्ची सड़क से होते हुए रस्सी पुल से पहुंचा जा सकता है।

छापा मारकर खाद्य पदार्थों के लिए गए नमूने

संवाददाता

अंबेडकरनगर। नवरात्रि तथा दशहरा पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की आशंका को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ताबड़तोड़ छापा मार कार्यवायी में जुट गया है। शनिवार को सहायक आयुक्त (खाद्य) एसके त्रिपाठी व जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी केके उपाध्याय के नेतृत्व में सघन अभियान चलाकर विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा। सबसे पहले अकबरपुर-टांडा मार्ग पर दुग्ध विक्रेता राम भवन यादव के दूध का नमूना लिया गया। उसके बाद इल्तिफातगंज मार्ग पर श्याम डेयरी का निरीक्षण कर पनीर का नमूना, अहिरौली बाजार स्थित नमन स्विट्स से बेसन लड्डू का नमूना इकट्ठा कर परीक्षण हेतु भेजा। इसके अतिरिक्त अकबरपुर-वनगांव मार्ग पर केला प्लांट व अंकुर अभय फ्रूट कंपनी का निरीक्षण कर साफ-सफाई हेतु आवश्यक निर्देश दिया। उक्त कार्यवायी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हंसराज प्रसाद के अलावा टीम में चंद्रप्रकाश यादव और पुरंदर यादव सम्मिलित थे।

नाराज कार्यकर्ताओं का पीसीसी पर हल्ला बोल, नेम प्लेट फाड़ी

दिग्विजय का किया पुतला दहन

एजेंसी

भोपाल। दूसरी सूची आने के बाद कांग्रेस में फैली विरोध की लहर बढ़ती जा रही है। प्रदेश में अनेक सीटों पर कार्यकर्ता खुलकर प्रत्याशियों का विरोध कर रहे हैं। कई सीटों पर नाम बदलने की मांग उठ रही है। इसके पहले भी कांग्रेस विरोध के चलते तीन टिकट बदल चुकी है। कांग्रेस में विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को दूसरे दिन भी नाराज कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। सेवड़ा विधानसभा सीट से आए कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का पुतला दहन किया। इतना ही कार्यकर्ता यहीं नहीं रुके। वे पीसीसी में अंदर घुस गए और पोस्टर, नेमपेल्ट उखड़ कर फेंक दिए। उनका कहना था कि दिग्विजय सिंह एक सामंतवादी नेता हैं, वे पिछड़ा वर्ग का हक छीनने का काम कर रहे हैं। शुक्रवार को भी सेवड़ा विधान सभा सीट के कार्यकर्ताओं ने पीसीसी पर पहुंचकर कांग्रेस प्रत्याशी का विरोध जताया था। दूसरी ओर कमलनाथ के बंगले पर पहुंचकर भी कई समर्थकों ने अपने नेता के पक्ष में नारेबाजी की और टिकट न दिए जाने पर विरोध जताया। खातेगांव में भी कांग्रेस प्रत्याशी दीपक जोशी का विरोध बढ़ता जा रहा है। उनकी कार पर पथराव तक किया गया। पुतले को आग लगने से पहले नाराज दावेदार दामोदर सिंह यादव ने कहा कि निकम्मे बाप और नाकारा बेटा कांग्रेस में आग लगा रहे हैं तो इनमें आग लगा दो, जिसके बाद उनके कार्यकर्ताओं ने दिग्विजय सिंह और जयवर्धन सिंह के पुतले में आग लगा दी। दिग्विजय सिंह के पुतले पर लिखा दिग्विजय सिंह निकम्मा बाप। जयवर्धन के पुतले पर लिखा जयवर्धन सिंह नाकारा बेटा। इसके साथ ही कार्यकताओं ने पीसीसी में लगे दिग्विजय सिंह के फोटो पर जूते बरसाए और कीचड़ भी पोती। कार्यकर्ताओं ने नारा लगाया कि अपने कमलनाथ से बैर नहीं दिग्गी तेरी खैर नहीं।

मनुहार में जुटे

विरोध को शांत करने के लिए कांग्रेस के दिग्गज नेता मनुहार में जुट गए हैं। दिग्विजय सिंह ने खुद नाराज कार्यकताओं को मनाने के लिए मोर्चा संभाल लिया है। एआईसीसी सचिवों को भी रूठों की मनुहार में जुटाया गया है। इसके लिए पार्टी पद, मान सम्मान, आश्वासन हर पैंतरा अपना रही है।

बिना टिकट यात्रियों पर कसेगा शिकंजा, 200 से अधिक विशेष टीमें ट्रेनों में करेंगी छापामारी

अंबाला (हरियाणा)। विशेष चेकिंग अभियान की निगरानी के लिए रेलवे के उच्चाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे अलग-अलग रेलवे स्टेशनों पर जाकर और ट्रेनों में सफर करके रिपोर्ट तैयार करेंगे और चेकिंग टीम से भी मंत्रणा करेंगे। त्योहारों पर रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में भीड़ बढ़ने लगी है। वहीं रेलवे ने भीड़ पर नियंत्रण करने के लिए योजना बनाकर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके लिए पूरे देश में करीब 200 टीमों का गठन किया गया है। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक पैसेंजर मार्केटिंग नीरज शर्मा ने सभी जोनल महाप्रबंधकों व मंडल रेल प्रबंधकों को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि वो अपने-अपने सेक्शन में विशेष चेकिंग अभियान चलाएंगे और बिना टिकट या नियमों के खिलाफ ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों पर शिकंजा कसेंगे।

खमाचो के गुरदीप कुमार (सोनू) के कत्ल

एजेंसी

शहीद भगत सिंह नगर। जिला शहीद भगत सिंह नगर पुलिस द्वारा पिछले दिनों थाना सिटी बंगा क्षेत्र के गांव खमाचो निवासी सलून मालिक 24 वर्षीय गुरदीप कुमार (सोनू) की हत्या के मामले को सुलझाते हुए तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने हत्या का कारण कुछ समय पहले मृतक गुरदीप कुमार के सलून के सामने एक युवक की पिटाई बताया है। हत्यारोपी व पनाहगार गैंग्स्टर खत्री ग्रुप से संबंधित बताएं जा रहे हैं। पुलिस ने आरोपितों से और पूछताछ के लिए माननीय अदालत में पेश कर तीन दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया है। इस संबंध में पत्रकारों को जानकारी देते एसएसपी शहीद भगत सिंह नगर डॉ अखिल चौधरी ने बताया कि 14 अक्टूबर 2023 को थाना सिटी बंगा पुलिस को गांव खमाचो निवासी हरभजन लाल ने सूचना दी थी कि उसका रिश्तेदार गांव खमाचो निवासी गुरदीप कुमार (सोनू) गांव में ही सलूक चलाता था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि 13 अक्टूबर 2023 की दोपहर 2ः50 बजे के करीब बाइक पर सवार तीन नकाबपोश गुरदीप कुमार की दुकान पर आए और उसे अपने बाइक पर बिठाकर साथ ले गए। वह और उसका पूरा परिवार दिन और रात गुरदीप कुमार की तलाश करता रहा। लेकिन गुरदीप कुमार घर वापस नहीं लौटा और ना ही वह फोन उठा रहा था। इस दौरान 14 अक्टूबर 2023 को बंगा के एक पुराने पैलेस के पीछे सुनसान स्थान से गुरदीप कुमार (सोनू)का शव बरामद हुआ था। हरभजन सिंह के बयान पर थाना सिटी बंगा में तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धारा 302 व 34 तहत मुकदमा नंबर 68 दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी गई थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी

(जांच) डॉ मुकेश कुमार की अध्यक्षता में हत्यारोपियों की धड़ पकड़ के लिए डीएसपी बंगा, डीएसपी (डी), डीएसपी (एच एंड एफ), डीएसपी (स्पेशल ब्रांच), थाना सिटी बंगा, सदर बंगा, बहराम व मुकंदपुर सहित सीआईए इंचार्ज की विभिन्न टीमें गठित की गई थी। जिसके परिणामस्वरूप टीमों द्वारा कार्रवाई करते हुए और मौके पर मिले सबूत, सीसीटीवी कैमरा की फुटेज, टेक्निकल एंगल व खुफिया रिसोर्स की सहायता से इस मामले की गंभीरता से जांच करते हुए वारदात में शामिल तीनों आरोपितों को ट्रेस कर लिया गया। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले गांव गोविंदपुर (बंगा) निवासी सुखदेव सिंह (मनी) पुत्र त्रिलोचन सिंह, जसप्रीत सिंह (जस्सी) पुत्र हरजिंदर पाल व गांव इब्राहिमपुर (होशियारपुर) मौजूदा गांव गोविंदपुर निवासी सिमरन प्रीत सिंह (सिम्मी) पुत्र बलजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि हत्यारोपियों को पनाह देने वाले गांव पालां (जालंधर) मौजूदा निवासी गांव हपोवाल (बंगा) करनजीत सिंह (जस्सा) पुत्र सुरिदर सिंह व गांव गोविंदपुर निवासी लवप्रीत क्लेर (लव) पुत्र सुरिंदरपाल की तलाश जारी है। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों से की गई पूछताछ दौरान सामने आया है कि गांव हपोवाल निवासी करनजीत सिंह की गांव निवासी गुरिंदर पहलवान से पुरानी दुश्मनी चल रही थी। क्योंकि गुरिंदर पहलवान ने करनजीत सिंह (जस्सा) की गांव खमाचो में मृतक गुरदीप कुमार (सोनू) के सलून पर पिटाई की और उसे काफी जलील किया था। करनजीत सिंह (जस्सा) व मृतक गुरदीप कुमार एक दूसरे को पहले से ही पहचानते थे और करनजीत अक्सर गुरदीप कुमार की दुकान पर आया जाया करता था। किरनजीज को संदेश था कि उसके दुकान पर होने की जानकारी गुरिंदर पहलवान को गुरदीप कुमार ने ही दी थी। जिसके चलते वह उससे बदला लेना चाहता था। इस रंजिश के चलते ही करनजीत सिंह (जस्सा) ने अपने साथी लवप्रीत क्लेर और सुखदेव सिंह के साथ मिलकर गुरदीप कुमार (सोनू) को उसके सलून से अपने बाइक पर बैठा लिया और उसकी हत्या कर शव एक सुनसान पैलेस के पीछे फैंक दिया था। पुलिस ने बताया कि गुरदीप कुमार की हत्या करने से पहले करनजीत सिंह (जस्सा) अपने किसी अन्य टारगेट के लिए गांव गया था। लेकिन उसमें वह सफल नहीं हो पाया और उसने अपने साथियों सहित बाइक पर आकर गुरदीप कुमार को उसके सलून से उठा लिया और उसकी हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि करनजीत सिंह (जस्सा), लवप्रीत क्लेर (लव) और सुखदेव सिंह (मनी) गुरदीप कुमार (सोनू) की हत्या में सीधे रूप में शामिल थे जबकि जसप्रीत सिंह जस्सी ने करनजीत सिंह जैसा को अपना दी और करनजीत सिंह (जस्सा) को अपने बाइक पर सुखदेव सिंह (मनी) के घर छोड़ा था। वहीं सिमरनप्रीत सिंह (सिमी) ने जस्सा हपोवाल, लवप्रीत क्लेर और सुखदेव सिंह (मनी) को अपने घर गांव इब्राहिमपुर (होशियारपुर) में 5 दिन पनाह दी थी। पुलिस ने बताया कि करनजीत सिंह (जस्सा) गैंगस्टर है और सोनू खत्री गैंग से संबंधित है। जिसके खिलाफ पहले भी अपराधिक मामले दर्ज हैं। जिसमें वह बघोड़ा चल रहा है। वहीं लवप्रीत क्लेर (लव) के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत एक मुकदमा दर्ज है।

शमी का कमाल, विराट का धमाल, भारत का जारी विजय अभियान

मिशन 2023 विश्व कप में भारत ने न्यूजीलैंड का विजय रथ रोका

शमी-कोहली के दम पर भारत ने न्यूजीलैंड के छक्के छुड़ाए, इस विश्व कप में पांच मैच जीतने वाली पहली टीम

धर्मशाला। भारत ने न्यूजीलैंड को हराने के साथ ही अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर कब्जा कर लिया है। अब इस विश्व कप में भारत ही एकमात्र ऐसी टीम है, जो कोई मैच नहीं हारी है।

वनडे विश्व कप 2023 के 21वें मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा दिया। इस विश्व कप में यह भारत की लगातार पांचवीं जीत है। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। अब भारत के पास 10 अंक हैं। इस मैच में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में सभी 10 विकेट खोकर 273 रन बनाए थे। इसके जवाब में भारत ने 48 ओवर में छह विकेट खोकर 274 रन बना लिए और चार विकेट से मैच अपने नाम कर लिया।

न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा 130 रन डेरिल मिचेल ने बनाए। रचिन रवींद्र ने 75 और ग्लेन फिलिप्स ने 23 रन का योगदान दिया। इन तीनों के अलावा सिर्फ विल यंग (17 रन) ही दहाई का आंकड़ा छू सके। भारत के लिए मोहम्मद शमी ने पांच और कुलदीप यादव ने दो विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को एक-एक विकेट मिला। भारत के लिए विराट कोहली ने 95 रन की पारी खेली। रोहित शर्मा ने 46 और रवींद्र जडेजा ने नाबाद 39 रन बनाए। श्रेयस ने 33, राहुल ने 27 और गिल ने 26 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्यूसन ने दो विकेट लिए। वहीं, बोल्ट-हेनरी और सैंटनर को एक-एक विकेट मिला।

खराब शुरुआत से उबरा न्यूजीलैंड

धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी कीवी टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। डेवोन कॉन्वे खाता खोले बिना ही सिराज का शिकार बने। विल यंग भी 17 रन बनाकर शमी की गेंद पर बोल्ड हो गए। 19 रन पर दो विकेट गिरने के बाद रचिन रवींद्र और डेरिल मिचेल ने न्यूजीलैंड की पारी को संभाला। पावरप्ले खत्म होने के बाद कीवी टीम का स्कोर 34/2 था। 13 ओवर में न्यूजीलैंड का स्कोर 50 के पार और 21 ओवर में 100 के पार पहुंचा। रवींद्र ने 56 गेंद और मिचेल ने 60 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। ये दोनों मिलकर न्यूजीलैंड का स्कोर 150 रन के पार ले गए। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 159 रन की साझेदारी हुई। 178 रन पर न्यूजीलैंड का तीसरा विकेट गिरा। रवींद्र 75 रन बनाकर शमी का दूसरा शिकार बने।

मिचेल की शतकीय पारी

मिचेल ने लाथम के साथ मिलकर न्यूजीलैंड का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। हालांकि, लाथम पांच रन बनाकर कुलदीप की गेंद पर आउट हो गए, लेकिन मिचले जमे रहे। उन्होंने 100 गेंद में अपना शतक पूरा किया। दूसरे छोर पर विकेट गिरते रहे। कुलदीप ने फिलिप्स को 23 रन के निजी स्कोर पर पवेलियन भेजा। चैपमैन भी आठ रन बनाकर बुमराह का शिकार बने। शमी ने न्यूजीलैंड की पारी के 48वें ओवर में सैंटनर और मैट हेनरी को बोल्ड किया। पारी के आखिरी ओवर में उन्होंने मिचेल को 130 रन के स्कोर पर आउट कर मैच में पांचवां विकेट हासिल किया। अंत में कीवी टीम 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 273 रन बना पाई। भारत के लिए शमी के पांच विकेट के अलावा कुलदीप ने दो और बुमराह-सिराज ने एक-एक विकेट लिया।

भारत की अच्छी शुरुआत

274 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शानदार शुरुआत की। रोहित और गिल ने मिलकर आठवें ओवर में ही टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचा दिया। भारत ने पावरप्ले में बिना कोई विकेट खोए 63 रन बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 71 रन जोड़े। रोहित शर्मा 46 के निजी स्कोर पर फर्ग्यूसन का पहला शिकार बने। इसके बाद गिल भी 26 रन बनाकर फर्ग्यूसन का शिकार बन गए। कोहली और श्रेयस ने भारत का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया, लेकिन कोहरे के कारण खेल रोकना पड़ा।

कोहरे ने रोका खेल

आसमान साफ होने के बाद खेल दोबारा शुरू हुआ। विराट और श्रेयस के बीच तीसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी हुई, लेकिन बोल्ट ने श्रेयस को छोटी गेंद पर फंसा लिया। श्रेयस ने 33 रन बनाए। कोहली ने राहुल के साथ मिलकर टीम इंडिया का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया। इस जोड़ी ने भी अर्धशतकीय साझेदारी की। हालांकि, राहुल भी 27 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद विराट कोहली ने 60 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन गलतफहमी के कारण सूर्यकुमार यादव दो रन के निजी सिकोर पर रन आउट हो गए।

कोहली का लालच पड़ा भारी

191 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद टीम इंडिया मुश्किल में दिख रही थी। ऐसे में कोहली और जडेजा ने पारी संभाली। दोनों ने भारत का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। अर्धशतकीय साझेदारी कर यह जोड़ी भारत का स्कोर 250 रन के पार ले गई और टीम इंडिया जीत की दहलीज पर पहुंच गई। हालांकि, विराट कोहली ने छक्के के साथ अपना शतक पूरा करने और मैच खत्म करने की कोशिश की, लेकिन यही लालच उन्हें ले डूबा। कोहली कैच आउट हुए और फैंस की धड़कने थम गईं। हालांकि, जडेजा ने चौके के साथ मैच खत्म किया और भारत को इस विश्व कप में लगातार पांचवीं जीत दिलाई।

खराब शुरुआत के बाद कुलदीप की वापसी

इस मैच में रचिन रवींद्र और डेरिल मिचेल ने कुलदीप यादव पर शुरुआत से ही दबाव बनाया था। उनके पहले ओवर से ही कीवी बल्लेबाजों ने जमकर रन बनाए थे। इसी वजह से कुलदीप ने अपने शुरुआती पांच ओवर में बिना कोई विकेट लिए 48 रन लुटा दिए थे। हालांकि, बाद में उन्होंने दबाव बनाया और दो विकेट भी लिए। इसके अलावा बाकी गेंदबाजों का अच्छा साथ निभाया। अपने आखिरी पांच ओवरों में उन्होंने 25 रन दिए और दो विकेट झटके।

शमी का कमाल

मोहम्मद शमी को इस विश्व कप में पहली बार खेलने का मौका मिला था और उन्होंने शानदार गेंदबाजी की। अपनी पहली ही गेंद पर उन्होंने विल यंग को पवेलियन भेजा। इसके बाद क्रीज पर जम चुके रचिन रवींद्र को आउट कर 159 रन की साझेदारी तोड़ी। अंत में उन्होंने तीन विकेट लेकर न्यूजीलैंड को बड़ा स्कोर बनाने से रोका। उन्होंने अपने 10 ओवरों में 54 रन देकर पांच विकेट झटके। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।

मिचेल-रवींद्र की रिकॉर्ड साझेदारी

डेरिल मिचेल और रचिन रवींद्र ने इस मैच में शानदार बल्लेबाजी की। जब ये दोनों क्रीज पर आए थे तब न्यूजीलैंड का स्कोर 19/2 था। इसके बाद से दोनों ने संभलकर बल्लेबाजी की और तीसरे विकेट के लिए 159 रन जोड़े। पहले इन दोनों ने क्रीज पर नजरें जमाई। इसके बाद स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ बड़े शॉट खेले और तेज गति से रन बनाए। इन दोनों ने कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। विश्व कप के इतिहास में यह दूसरा मौका था, जब न्यूजीलैंड के लिए किसी जोड़ी ने शतकीय साझेदारी की। विश्व कप में यह भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी साझेदारी थी।

काम के बदले इन भोजपुरी अदाकाराओं से हुई अश्लील मांगें, सुनकर आपको भी आ जाएगी शर्म

बॉलीवुड, साउथ और हॉलीवुड फिल्मों के दौर में अगर कोई क्षेत्रीय इंडस्ट्री फल फूल रही है तो वह सिर्फ और सिर्फ भोजपुरी है। भोजपुरी फिल्मों से लेकर इसके गाने और सितारे भी लोगों के बीच उतने ही प्रसिद्ध हैं, जितने बॉलीवुड स्टार्स होते हैं। जितना इंडस्ट्री का नाम हो रहा है उतना ही इसके पीछे छुपे काले राज सामने आ रहे हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस की तरह ही भोजपुरी अभिनेत्रियों को भी नाम कमाने के लिए इंडस्ट्री में छिपी बुराइयों का सामना करना पड़ा है। बहुत सी अभिनेत्रियां हैं, जिनसे काम के बदले में फेवर मांगा गया है। चलिए आज इस रिपोर्ट में हम आपको उनके बारे में बताते हैं..भोजपुरी इंडस्ट्री की जानी मानी अभिनेत्रियों में शुमार अक्षरा सिंह के लिए लोगों की दीवानगी बेहिसाब है। उनकी पॉपुलैरिटी का आलम यह है कि लोग उन्हें प्यार से भजपुरी क्वीन कहकर पुकारते हैं। सबकी पसंदीदा एक्ट्रेस की पर्सनल और प्रोफेशनल दोनों ही लाइफ सुर्खियों में बनी रहती है। लोग उनके बारे में हमेशा ही जानने के लिए उत्सुक रहते हैं। ऐसे में अपने फैंस के साथ एक इंटरव्यू में अक्षरा ने साझा किया था कि पवन सिंह से ब्रेकअप के बाद कई निर्देशकों ने उनसे काफी भद्दे डिमांड किए थे। अभिनेत्री को कई अश्लील कमेंट्स का सामना भी करना पड़ा था।

अपनी खूबसूरती के लिए लोगों के बीच मशहूर रानी चटर्जी के अभिनय की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है। रानी चटर्जी आज बेशक भोजपुरी इंडस्ट्री पर राज करती हों लेकिन एक समय ऐसा था जब अभिनेत्री को उनके मोटापे के लिए खूब ट्रोल किया जाता है। इतना सब झेलने वाली रानी चटर्जी ने मी टू कैंपेन के दौरान साजिद खान पर आरोप लगाया था। अभिनेत्री का कहना था कि साजिद ने उन्हें एक आइटम सॉन्ग के लिए अपने स्टूडियो बुलाया था। इस दौरान निर्देशक ने रानी ने उनकी जांघे दिखाने के डिमांड की थी। यही नहीं, साजिद ने रानी ने उनका ब्रेस्ट साइज भी पूछा था। अल्फिया शेख बॉलीवुड में जहां कुछ अभिनेत्रियों को उनके आइटम नंबर के लिए जाना जाता है, वहीं भोजपुरी सिनेमा में भी बहुत सी प्रसिद्ध आइटम गर्ल्स हैं। इन आइटम गर्ल्स में अल्फिया शेख का नाम भी शामिल है। दर्शकों को अपनी अदाओं से मदहोश करने वाली अल्फिया के साथ भी कुछ इस तरह की ही अश्लीलता हुई थी। अल्फिया शेख ने भोजपुरी सिनेमा के अभिनेता और फिल्म डायरेक्टर हैदर काजमी पर %मी टू% का आरोप लगाया था। अभिनेत्री ने हैदर पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था।

पाखी हेगड़े किसी जमाने में भोजपुरी फिल्मों की जान माने जाने वाली पाखी हेगड़े यूं तो अब इंडस्ट्री से दूरी बना चुकी हैं, लेकिन वह अभी भी किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक इंटरव्यू के दौरान पाखी ने चौंकाने वाला खुलासा कर सबको हैरान कर दिया था। पाखी ने खुलासा किया था कि करियर के शुरुआती दिनों में निर्देशक काम के बदले उनसे समझौता करने को कहते थे। इतना ही नहीं अभिनेत्री ने बताया था कि मना करने पर कास्टिंग काउच की शिकार होना पड़ता था, जल्दी फिल्में नहीं मिलती थीं और खाली बैठे रहने पर डिप्रेशन होता था।

विवेक अग्निहोत्री बनाने जा रहे महाभारत पर फिल्म, आज बेंगलुरु में करेंगे पर्व का एलान

विवेक अग्निहोत्री की फिल्म %द कश्मीर फाइल्स% बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट साबित हुई। इसके बाद से फिल्ममेकर से फैंस समेत क्रिटिक्स दोनों की उम्मीदें काफी ज्यादा बढ़ गईं। हालांकि, विवेक की आखिरी रिलीज फिल्म %द वैक्सीर वॉर% बॉक्स ऑफिस पर कमाल दिखाने में असफल साबित हुई है। इसी कड़ी में फिल्ममेकर जल्द अपनी आगामी फिल्म की घोषणा करने वाले हैं। मूवी की कहानी एस एल भैरप्पा की किताब %पर्व% पर आधारित होगी। %द ताशकंद फाइल्स% और %द कश्मीर फाइल्स% जैसी फिल्में बना चुके निर्देशक विवेक अग्निहोत्री अब %पर्व% बनाने जा रहे हैं। यह कहानी एस एल भैरप्पा की किताब %पर्व% से ली गई है। जानकारी तो यह भी है कि यह तीन भाग वाली बड़ी फ्रेंचाइजी होगी। निर्देशक आज बेंगलुरु में फिल्म की घोषणा करने वाले हैं। इस दौरान उनके साथ, निर्माता और अभिनेत्री पल्लवी जोशी, सह-लेखक, प्रकाश बेलावाड़ी और पर्व उपन्यास के लेखक, एस. एल. भैरप्पा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। विवेक रंजन अग्निहोत्री की %पर्व% इसी नाम की किताब पर आधारित होगी, जिसे एस एल भैरप्पा ने कन्नड़ भाषा में लिखा है। यह संस्कृत महाकाव्य महाभारत का पुनर्कथन है, जिसे प्रमुख पात्रों के व्यक्तिगत प्रतिबिंबों के माध्यम से वर्णित किया गया है। उपन्यास को आधुनिक क्लासिक के रूप में व्यापक रूप से सराहा गया है। विवेक अग्निहोत्री की ख्याति सिल्वर स्क्रीन से भी आगे तक फैली हुई है। वह एक बहुमुखी कलाकार हैं, जो एक भारतीय फिल्म निर्माता और पटकथा लेखक के रूप में अपने सम्मोहक योगदान के लिए जाने जाते हैं। उनकी सिनेमाई उपलब्धियों में, द ताशकंद फाइल्स प्रमुख है, जो भारत के दूसरे प्रधान मंत्री, लाल बहादुर शास्त्री के निधन के आसपास की रहस्यमय परिस्थितियों की एक दिलचस्प जांच है।

अनिल कपूर ने डिलीट किए अपने सभी इंस्टाग्राम पोस्ट? क्या मिस्टर इंडिया 2 से है कनेक्शन?

अनिल कपूर इस वक्त अपने इंस्टाग्राम अकाउंट और पोस्ट को लेकर चर्चा में हैं। अभिनेता ने अपने सारे पोस्ट डिलीट कर डाले हैं। यहां तक कि अपनी डीपी भी हटा दी है। अभिनेता के इस कदम से फैंस हैरान हैं कि अचानक ऐसा क्या हुआ। बता दें कि इंस्टाग्राम पर अनिल कपूर के 5.8 मिलियन फॉलोअर्स हैं। इसके बावजूद उन्होंने पोस्ट डिलीट करने का फैसला लिया है। उनके इस कदम को कुछ लोग %मिस्टर इंडिया 2% से जोड़कर देख रहे हैं। क्या इस फिल्म का एलान होने वाला है? इस बारे में बोनी कपूर ने प्रतिक्रिया दी है। अनिल कपूर इंस्टाग्राम से अचानक गायब होने के बाद कई तरह की सोशल मीडिया पर रिपोर्ट्स भी वायरल होने लगी हैं। हाल ही में सामने आई न्यूज 18 की एक रिपोर्ट के अनुसार, एक सोर्स का कहना है कि अनिल कपूर का सोशल मीडिया से यूं अचानक गायब होना %मिस्टर इंडिया 2 के शुरू होने का हिंट है। बता दें कि मिस्टर इंडिया (1987) के किरदार की तरह अनिल कपूर भी अचानकर सोशल मीडिया से गायब हो गए हैं। अनिल कपूर के गायब होने और मिस्टर इंडिया 2 को लेकर खबर वायरल होने के बाद जब न्यूज पोर्टल ने बोनी कपूर से भी बात की है तो उन्होंने कहा कि उन्होंने अनिल कपूर के इंस्टाग्राम पोस्ट डिलीट किए जाने की जानकारी नहीं है। बोनी कपूर ने कहा, मुझे देख लेने दीजिए। मैंने अभी तक खुद नहीं देखा. लेकिन हां, उसने जिक्र किया था कि वह कुछ दिखाना चाहता है। मिस्टर इंडिया 2 को लेकर बोनी कपूर ने कहा, मुझे नहीं लगता है कि मैं मिस्टर इंडिया 2 का एलान कर पाऊंगा।

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्पलक्े स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एव ं पहला तल, निधि काम्पलेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित।
RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।
समाचार-पत्र का मुख्य उद्देय ग्रामीण भारत का सत प्रतिशत मीडिया कवरेज कर समाज में फैला भ्रष्टाचार समाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को अपने स्तर पड़ताल करके सम्बन्धित उच्चअधिकारियों को ध्यानकर्षण कर उन्हें समाप्त कराना है।